
बुद्ध पूर्णिमा
की शुभकामनाएं
प्रशंसा और आलोचना दोनों स्वीकार करें, क्योंकि एक फूल को उगने में सूरज और बारिश दोनों लगते है।

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 265/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 06 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

## पीएम मोदी ने यूपी में क्यों लिया एमपी के सीएम मोहन यादव का नाम?



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इटावा में चुनावी जनसभा थी। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने सपा संस्थापक और पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव को भी याद किया। मोदी ने कहा कि संसद में स्वर्गीय मुलायम सिंह ने कहा था कि मोदी दोबारा जीत कर आ रहे हैं और मोदी आया भी। अब उनके छोटे भाई भी बीजेपी को जिताने की बात कर रहे हैं, आखिर दिल की बात जुबान पर आ ही गई।

**शाही परिवार की कुप्रथा को चायवाले ने तोड़ दिया –** पीएम मोदी ने इंडिया अलायंस पर हमला बोला और कहा कि मोदी और योगी आपके बच्चों के लिए खप रहे हैं, हमारे तो कोई बच्चे नहीं है लेकिन हम आपके बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं और ये गठबंधन अपने बच्चों के लिए लड़ रहा है. भारत 1,000 साल के लिए सश?क्त हो, मोदी उसकी नींव तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोई मैनपुरी, कन्नौज और इटावा को अपनी जागीर मानता है तो कोई अमेठी-रायबरेली को अपनी जागीर मानता है, लेकिन मोदी की विरासत-गरीब का पक्का घर है। शाही परिवार का वारिस ही मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बने, यह कुप्रथा को इस चायवाले ने तोड़ दिया है। पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार चुनाव के समय मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था, लेकिन इस बार पूरा देश भव्य राम मंदिर बनने के खुश हुआ, लेकिन इन्होंने प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी ठुकरा दिया।

**ओबीसी का आरक्षण छीनकर उसे धर्म में बांट दिया–** प्रधानमंत्री ने रैली में कहा कि 75 साल पहले जब देश के विद्वान लोग संविधान बना रहे थे, तब संविधान निर्माताओं ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा, लेकिन अब सपा, कांग्रेस यह सारी पार्टी एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर उसे धर्म के आधार पर बांटना चाहती है। इन्होंने कर्नाटक में रातों-रात मुस्लिम जातियों को ओबीसी घोषित कर दिया। फतवा निकाला कि कर्नाटक में जितने मुसलमान हैं सभी ओबीसी हैं।

### बीजेपी में आम कार्यकर्ता भी सीएम बन सकता है

प्रधानमंत्री ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। पीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी को परिवार के बाहर कोई यादव नहीं मिला, वहीं एमपी सीएम मोहन यादव का नाम लेते हुए कहा और हमने मोहन यादव को सीएम बनाया, यह बीजेपी है जहां आम कार्यकर्त्ता भी सीएम बन सकता है। मैंने द्वारका में पूजा की, लेकिन कांग्रेस के शहजादे को उससे भी परेशानी हैं। मैं यहां के सपाइयों से पूछना चाहता हूं कि आप तो यदुवंशी हैं और आप शहजादे को उसके इस बयान के लिए समझा नहीं पाए। मोदी की आलोचना करते-करते यह भगवान की भी आलोचना करने लगे हैं।

### सपा-कांग्रेस के नारे झूठे और नीयत में भी खोट

उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस की बातें झूठी, वादे भी झूठे हैं। सपा-कांग्रेस के नारे झूठे और नीयत में भी खोट है। ये लोग लगातार झूठ बोलेंगे, उससे चाहे देश का, समाज का कितना ही नुकसान क्यों न हो। इन लोगों ने देश को कोरोना के संकटकाल में भी नहीं छोड़ा था। मोदी तब एक-एक जीवन बचाने में जुटा था, देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा और कांग्रेस के लोग इसको भी बदनाम करते थे।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां की तबीयत ज्यादा खराब , चुनाव छोड़ सिंधिया दिल्ली गए



भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया की तबीयत ज्यादा खराब होने की खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने सभी चुनावी कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं और वह अपने बेटे महाआर्यमन सिंधिया को साथ चार्टेड प्लेन से दिल्ली रवाना हो गए हैं। ज्ञात हो कि ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर 7 मई को वोटिंग होना है।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया के लंग्स में इंफैक्शन है। उनका इलाज एम्स दिल्ली में चल रहा है। गंभीर हालत होने पर उन्हें एम्स के आईसीयू में भर्ती कराया गया है और उन्हें वेंटिलेटर का सपोर्ट दिया गया है। कुछ दिन पहले ही उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने की बात सामने आई थी और बताया गया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनीराजे सिंधिया उनकी देखभाल के लिए दिल्ली में ही हैं।

### एम्स में चल रहा इलाज

गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया की 3 महीने से पहली बार 15 फरवरी को तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। उसके बाद से ही उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वे लाइफ सपोर्ट सिस्टम ( वेंटिलेटर ) पर हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कुछ समय पहले यह जानकारी शेयर की थी।

### माधवी राजे नेपाल राजघराने से हैं

नेपाल राजघराने से माधवीराजे सिंधिया का संबंध है। उनके दादा शमशेर जंग बहादुर राणा नेपाल के प्रधानमंत्री थे। कांग्रेस के दिग्गज नेता माधवराव सिंधिया के साथ विवाह से पहले प्रिंसेस किरण राज्यलक्ष्मी देवी उनका नाम था। साल 1966 में माधवराव सिंधिया के साथ उनका विवाह हुआ था। मराठी परंपरा के मुताबिक शादी के बाद उनका नाम बदलकर माधवी राजे सिंधिया रखा गया था। पहले वे महारानी थीं, लेकिन 30 सितंबर 2001 को उनके पति और पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया के निधन के बाद से उन्हें राजमाता के नाम से संबोधित किया जाने लगा।

## ईडी ने रांची में कई स्थानों पर की छापेमारी, मंत्री के नौकर के घर से 25 करोड़ बरामद

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की है और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की है। ईडी ने सोमवार को रांची में 9 ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें इंजीनियरों और राजनेताओं के घर भी शामिल हैं। झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल नौकर के घर से 25 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश मिले हैं। नोटों की गिनती अभी भी जारी है। यह नकदी बड़े बैगों में रखी हुई थी। जहांगीर पीए संजीव लाल का नौकर है, जिसके घर से नकदी मिली थी।

संघीय एजेंसी ने कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फरवरी 2023 में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र के राम को गिरफ्तार किया था।

# ओडिशा में कांग्रेस पस्त, बीजद अस्त: मोदी

**बहरामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के बहरामपुर और नवरंगपुर में रैली की। उन्होंने कहा- कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था। आज महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर आया हूं। मोदी बोले- ओडिशा में बीजद अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं। सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। ओडिशा में करीब 50 साल तक कांग्रेस और करीब 25 साल तक बीजद रही, लेकिन क्या हुआ, सबने देखा।

उन्होंने कहा- ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एक साथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है। और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। आप जानते हैं कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। इसलिए, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से



संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। ये मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा- 4 जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है, 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा- ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति, विरासत और न जाने क्या-क्या है। फिर भी, इस अमीर ओडिशा के लोग गरीब बने हुए हैं। इस पाप के लिए कौन जिम्मेदार है? जवाब है कांग्रेस और बीजेडी के छोटे छोटे नेता भी बड़े बड़े बंगलों के मालिक हो गए हैं।



## छिंदवाड़ा: शहीद की अंतिम यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, मां से मिले

**छिंदवाड़ा।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले में शहीद हुए एयरफोर्स के जवान विक्की पहाड़े का आज गृह ग्राम नोनिया करबल (छिंदवाड़ा) में अंतिम संस्कार किया गया। सेना के हेलिकॉप्टर से उनका पार्थिव शरीर नागपुर से सुबह 10.30 बजे इमलीखेड़ा हवाई पट्टी (छिंदवाड़ा) लाया गया। गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद विशेष वाहन से पार्थिव शरीर को परासिया रोड से नोरिया करबल ले जाया गया। छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनकी मां दुलारी से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें अपने बहादुर जवान और सेना पर गर्व है। जिन्होंने यह कायराना हरकत की, उन्हें कीमत चुकाना पड़ेगी। उन्होंने कहा कि शहीद के परिवार को सरकार एक करोड़ रुपए देगी।



पति की शहादत पर पत्नी रीना पहाड़े ने कहा, मुझे गर्व है...। वे 5 साल के बेटे हार्दिक को गोद में लिए हुए थीं, इतना कहकर उनके आंसू नहीं रुके। सब इंस्पेक्टर बहन गीता ने कहा, मुझे भाई पर गर्व है। पुंछ में 4 मई की शाम एयरफोर्स के जवानों पर आतंकी हमला हुआ था। 5 जवान घायल हुए थे। सभी को एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 4 मई की देर रात विक्की पहाड़े का निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को रविवार रात 7.30 बजे जम्मू एयरपोर्ट से विशेष विमान के जरिए नागपुर एयरपोर्ट लाया गया। अंतिम यात्रा परासिया नाका, सत्कार तिराहा, जेल तिराहा, अमित ठेंगे चौक से जेल तिराहा, फव्वारा चौक, गोल गंज, छोटी बाजार, पुराना पावर हाउस, खिरका मोहल्ला, दुर्गा माता मंदिर चौक होते हुए पतालेश्वर मोक्षधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### एएसआई हत्याकांड: पीड़ित परिवार को मोहन सरकार देगी 1 करोड़ की सहायता राशि

**शहडोल।** एमपी में बीतें दिनों हुए एएसआई हत्याकांड मामले को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि एएसआई हत्याकांड मामले में तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दे कि इससे पहले पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जिसमें आशुतोष सिंह और ट्रैक्टर चालक राज रावत शामिल है। इस घटना के बाद से एसपी ने ब्यौहारी टीआई को लाइन अटैच किया है। एएसआई हत्याकांड मामले में जहां एक और एक के बाद एक कई खुलासे होते जा रहे है। वहीं दूसरी ओर एमपी की मोहन सरकार नेएएसआई महेंद्र बागरी के परिवार को एक करोड़ की सहायता राशि देने का ऐलान कर दिया हो।

## आईसीएसई, आईएससी के नतीजे जारी, लड़कों से आगे निकलीं लड़कियां

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने आज, 06 मई को कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जो छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे वे अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइट cisce.org पर जाकर देख सकते हैं।

इस साल आईएससी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 12 फरवरी से 3 अप्रैल तक आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 1 लाख छात्र शामिल हुए थे। इसमें 52 हजार से अधिक लड़के और 47 हजार से अधिक लड़कियां शामिल थीं। कक्षा 12वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत इस वर्ष 98.19 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस साल भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया। आईएससी परिणामों के अनुसार, लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा।

वहीं, लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.53 प्रतिशत है। आईएससी कक्षा 12वीं के अंक डाउनलोड करने के लिए छात्र को अपनी यूजर आईडी, इंडेक्स नंबर और कैप्चा कोड दर्ज करना होगा।

## तीसरा फेज, 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग कल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में मंगलवार (7 मई) को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटें थीं, लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने और 8 कैंडिडेट के



नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

वहीं जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे।

इसके अलावा मध्य प्रदेश की बैतूल सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद सेकेंड फेज (26 अप्रैल) को होने वाली वोटिंग 7 मई को शिफ्ट कर दी गई। मध्य प्रदेश की तीन सीटों- विदिशा से शिवराज सिंह चौहान (मामा), गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया (महाराजा) और राजगढ़ से दिग्विजय सिंह (राजा) की किस्मत दांव पर है। इसके अलावा महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी ष्टरूअजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है।

## दिल्ली शराब नीति घोटाला- के कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार (6 मई) को एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई और ईडी के केस में बीआरएस नेता के कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि उन्हें राहत देने के लिए यह सही समय नहीं है। इससे पहले 23 अप्रैल की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने के. कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ाई थी, जो कल खत्म हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा था कि के. कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी।

## राहुल ने अलीराजपुर में कहा- संविधान खत्म करना चाहती है बीजेपी और आरएसएस

**अलीराजपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आलीराजपुर जिले के जोबट में हैं। वे रतलाम लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के समर्थन में सभा कर रहे हैं। राहुल ने कहा- ये चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। भाजपा और आरएसएस इसे मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।



जोबट की सभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- पीएम कल आने वाले हैं। उनसे पूछना कि 2 करोड़ युवा बेरोजगारों को नौकरियां कब मिलेंगी। बता दें, भूरिया का भाजपा की अनीता चौहान से मुकाबला है। राहुल जोबट के बाद दोपहर करीब ढाई बजे खरगोन लोकसभा क्षेत्र के सेगांव में जनसभा करेंगे। इस लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी का मध्यप्रदेश का ये तीसरा दौरा है। इससे पहले वे 8 अप्रैल को शहडोल और 30 अप्रैल को भिंड में सभा कर चुके हैं।

**भाजपा को 150 सीट नहीं मिलने वाली है- राहुल–** पब्लिक सेक्टर हो या रजिर्वेशन हो, जो भी आदिवासियों को पिछड़ों को मिलता है संविधान से मिलता है। बीजेपी और आरएसएस वाले कहते हैं इसे खत्म कर देंगे। इसलिए उन्होंने 400 पार का नारा दिया है। 400 सीट छोड़िए उनको 150 सीट नहीं मिलने वाली है। उनके नेता कहते हैं हम रिजर्वेशन छीन लेंगे।

# मध्यप्रदेश: 2047 के आधार पर तैयार हो रहा भोपाल का मास्टर प्लान, ड्राफ्ट को लेकर चल रही तैयारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मास्टर प्लान 2047 को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है। इसे जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। भोपाल विकास योजना में कई जरुरी बदलाव प्रस्तावित किये गए हैं, लेकिन इसमें भी सबसे बड़ी दिक्कत बड़े तालाब के कैचमेंट को लेकर ही रहेगी।

**5 साल मशक्कत और मास्टर प्लान वापस–** भोपाल मास्टर प्लान 2031 के लिए नगर तथा ग्राम निवेश विभाग ने पांच साल मशक्कत की। दो-दो बार दावे आ?पत्तियां बुलाकर उनकी सुनवाई की। निराकरण भी किया, लेकिन फाइनल प्रकाशन से ठीक पहले इसे वापस ले लिया गया।

**इस महीने सामने आएगा ड्राफ्ट–** 5 जून तक लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी है। यही कारण है कि मास्टर



प्लान को लेकर कोई भी कार्रवाई इस तारीख के बाद ही होगी। टीएंडसीपी के सूत्रों के अनुसार विभागीय मंत्री को इसका प्रजेंटेशन दिखाने के बाद जुलाई में भोपाल मास्टर प्लान 2047 के ड्राफ्ट का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### ये विवाद बने मास्टर प्लान पर भारी

सत्तापक्ष के विधायकों ने ही मास्टर प्लान 2031 के विरोध में मोर्चा खोल दिया था। ऐसे में ये माना ही जा रहा था कि ये अब लागू होने से रहा। इसमें सबसे ज्यादा विवाद की वजह भोपाल की लाइफ लाइन कहे जाने वाले बड़े तालाब का कैचमेंट बना। इस कैचमेंट में जिनकी जमीन है वह इस पर निर्माण की अनुमति चाहते थे, लेकिन रामसर साइट होने के कारण ये संभव नहीं था। खेती की जमीन कैचमेंट में आने से किसानों ने भी इसका विरोध किया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव आके कार्तिकेय ने 29 फरवरी 2024 को एक आदेश जारी किया।

### मास्टर प्लान में ऐसे हो सकते हैं बदलाव

1. शहर के बाहरी हिस्सों में निर्माण पर लगाम लगाने 2031 के मास्टर प्लान में फ्लोर एरिया रेशो यानी एफएआर 0.25 प्रस्तावित था। यदि ये मास्टर प्लान वापस नहीं लिया जाता तब भी एफएआर 0.5 हो ही रहा था। लेकिन अब इसे 1.25 तक करने का प्रस्ताव लिया जा रहा है।
2. मास्टर प्लान 2031 में बड़े तालाब के कैचमेंट को बचाने कई प्रस्तावों को शामिल किया गया था। यही विरोध की सबसे बड़ी वजह भी बना। मास्टर प्लान 2047 में कैचमेंट में सशर्त निर्माण की अनुमति दी जा सकती है। 2031 की अपेक्षा 2047 की विकास योजना में कुछ ढील दी जाएगी।
3. भोपाल मास्टर प्लान 2047 में तीसरा बड़ा बदलाव सड़कों के नेटवर्क को लेकर रहेगा। इसमें बदलाव किये गए हैं। जो पुरानी सड़कें नहीं बन सकी है, उन्हें हटाया गया है। वहीं नई सड़कें प्रस्तावित की गई है। 2047 की जरुरत के हिसाब से सड़कों के नेटवर्क को बदला गया है।

### बिना विकास योजना के 19 साल से विकास

किसी शहर के व्यवस्थित और सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन राजधानी भोपाल में ही ये बीते 19 सालों से लागू नहीं हो सका। 2005 में मास्टर प्लान की अवधि खत्म होने के बाद एक बार 2021 और फिर 2031 के मास्टर प्लान को लेकर कवायद की गई, लेकिन ये सफल नहीं हो सकी।

# समाजिक कुरीतियों को दूर कर एकत्रित और संगठित हो अग्रबंधु: अग्रवाल





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

## अग्रसेन महाराज की द्वितीय महाआरती सम्पन्न

अग्रवाल समाज द्वारा पावन नवरात्रि से अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन महाराज की महाआरती प्रारंभ की गई थी। समाज द्वारा यह भी निर्णय लिया था कि प्रत्येक माह महाआरती का यह सिलसिला जारी रहेगा। इसी श्रृंखला में आज आईटीसी पार्क, कमला पार्क स्थित अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष द्वितीय महाआरती का आयोजन किया गया। जिसकी जजमानी कोलार अग्रवाल समाज द्वारा की गई। सर्वप्रथम भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई। उपस्थित सभी अग्रबंधुओं महाराज अग्रसेन एवं माता कुलदेवी लक्ष्मी की आरती की।

कोलार अग्रवाल समाज के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने कहा कि समाजिक कुरीतियों को दूर कर एकत्रित और संगठित हो अग्रबंधु। उन्होंने कहा कि अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन महाराज की महाआरती समाज के लिए गौरव की बात है। इससे न सिर्फ समाज को प्रेरणा मिलेगी बल्कि युवा एवं बच्चों को भी हमारे कुल देवता की महत्ता का स्मरण होगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में निवासरत अग्रवाल समाज के लोग आरती में शामिल होकर अपना विशेष योगदान दें।

कार्यक्रम में शरद अग्रवाल (अध्यक्ष कोलार अग्रवाल समाज), सुनील गर्ग, मुकेश गोयल, रामगोपाल अग्रवाल, रोहित गुप्ता, सचिव सौरभ गुप्ता, विशाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विनय अग्रवाल, महेश गुप्ता, हुकुम चंद्र, अमित मित्तल, रोहित गुप्ता, कैलाश चंद अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, रिचा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, नितिन गुप्ता, विनीत अग्रवाल (मीडिया प्रभारी), सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित रहे।

# सिंधी मेला समिति का पहली बार नाईट टफ क्रिकेट टूर्नामेंट 9 से




**संत हिरदाराम नगर।** सिन्धी मेला समिति द्वारा राजधानी भोपाल में पहली बार नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 9 मई से 12 मई तक सीहोर रोड स्थित क्लब 7 टर्फ एंड कैफे में किया जा रहा है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट की जानकारी देने के लिए सिन्धी मेला समिति द्वारा लालघाटी स्थित प्लेओटल इन्न एरिया में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया था। इस पत्रकार वार्ता में सिन्धी मेला समिति के महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि सिन्धी मेला समिति पिछले 28 सालों से सांस्कृतिक व पारिवारिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर कर रही है। इस वर्ष समिति युवाओ की पसंद को ध्यान में रखते हुए पहली बार नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है जिसमें भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद, रतलाम संभाग के 24 टीमें हिस्सा ले रही है, सभी टीम को अलग-अलग ग्रुप में बाटा गया है, हर ग्रुप से टॉप करने वाली टीम अगले राउंड में जाएगी, लीग फेस के बाद क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल मैच खेले जाएँगे। इसके साथ ही प्रथम विजेता टीम को 51,000 एवं उपविजेता टीम तक 21000 की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। टूर्नामेंट 4 दिनों तक चलेगा। इसके अलावा इस टूर्नामेंट के ढेरो पुरस्कार दिये जाएँगे।

## विहिप बजरंग दल की बैठक हुई

**संत हिरदाराम नगर।** विहिप बजरंग दल जिले की बैठक बैरागढ़ गुलाब उद्यान में संपन्न हुई, इस बैठक में विहिप बजरंग दल के आगामी कार्यक्रम की कार्य योजना बनाई गई, जिसमें विहिप के होने वाले प्रांतीय वर्ग, बजरंग दल, परिषद वर्ग, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी वर्ग की एवं धर्म रक्षा निधि लक्ष्य प्राप्ति की योजना निर्माण हुई। साथ ही उक्त बैठक मे 'लोकतंत्र के त्योहार में 100 प्रतिशत मतदान करवाने के सार्थक प्रयासों के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया एवं जिसके लिए बस्ती मोहल्ला सह बैठके ली जाएगी। इस बैठक में भोपाल विभाग मंत्री राजेश साहू, विभाग धर्मप्रसार जीतू कटारिया, विभाग के रामबाबू मूलेठिय, संत जिला मंत्री भूपेंद्र गुर्जर, जिले के दयाराम मेहर, संतोष यादव, चमन मेहर सहित कई उपस्थित थे।

# राज्यसभा सांसद संत बालयोगी उमेशनाथ का रजक समाज ने किया स्वागत



**भोपाल।** रजक समाज़ ने सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सोलंकी के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित राज्यसभा सांसद संत बालयोगी उमेशनाथ जी का नागरिक अभिनंदन समारोह में विशाल कल्याणे,पप्पू रजक, ,जय कनौजिया,ओर जीनगर समाज संरक्षक भगवानदास ढालिया ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत कर कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी।

# सरोजिनी नायडू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमआयोजित किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत लोगों को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए शिवनगर कॉलोनी में 74 बंगले क्षेत्र से रैली निकाली गई साथ ही मतदाता संबंधी नारे जैसे सबसे बढ़कर दाता है, भोपाल के मतदाता है। छुट्टी नहीं मनाना है, वोट डालने जाना हैं लगाए गए जिससे लोगों को जागरूक किया जा सके। इसके उपरांत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत रील मेकिंग भी की गई। जिससे सोशल मीडिया के द्वारा भी लोगो को जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजुला विश्वास और डॉ. मीना सक्सेना के साथ वरिष्ठ स्वयंसेवक आंचल शर्मा, रितु राजा, सुहासिनी गायकवाड़ और सुरुचि गौर द्वारा किया गया। जिसमे कैम्पस एंबेसडर खुशबु जासल और दिव्या प्रजापति के साथ 28 स्वयंसेवक उपस्थित हुए।




# माखनलाल चतुर्वेदी विवि की अध्ययन संस्थाओं का मानकीकरण किया जाएगा: कुलपति




**भोपाल ।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा ग्वालियर एवं चंबल संभाग के संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ग्वालियर के होटल रॉयल इन में किया गया । कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.)के. जी. सुरेश ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की संबद्ध अध्ययन संस्थाओं का मानकीकरण (स्टैंडाइजेशन) किया जाएगा। कार्यशाला में आए लगभग 100 से अधिक केंद्र निदेशकों को संबोधित करते हुए प्रो. सुरेश ने कहा कि एएसआई विभाग का जल्द ही एक एप भी बनाया जाएगा। उन्होंने संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के लिए त्रैमासिक समाचार पत्र (गृह पत्रिका) निकाले जाने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने मोजो जर्नलिज्म का पाठ्यक्रम भी शुरु किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाला समय मोबाइल जर्नलिज्म का है इसलिए मोजो जर्नलिज्म का लाभ मध्यप्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय पत्रकार भी उठा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र निदेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता पूर्वक 25 वर्ष पूर्ण करने वाले केंद्रों को भोपाल में सम्मानित किया जाएगा । परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा समय पर होती है और परिणाम भी समय पर आता है, जो कि विश्वविद्यालय की पहचान है, इसलिए आवेदन भरने संबंधी सभी कार्य समय पर करें। वहीं निदेशक संबद्ध अध्ययन संस्थाएं डॉ. बबीता अग्रवाल ने स्वागत वक्तव्य दिया, जिसमें संबद्ध अध्ययन संस्था के बारे में जानकारी प्रदान की। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) अविनाश वाजपेयी ने विषय प्रवर्तन किया। विशेष अधिकारी (शिकायत निवारण एवं अकादमिक उन्नयन) डॉ. अरुण कुमार खोबरे ने विद्यार्थियों की समस्याओं एवं अकादमिक उन्नयन की बात की। प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्वालियर संभाग के अशोक नगर, दतिया, गुना एवं शिवपुरी जिले एवं चम्बल संभाग के भिंड मुरैना एवं श्योपुर जिले के केंद्र निदेशकों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन सहायक कुलसचिव विवेक शाक्य ने किया।

# संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर सम्पन्न, 488 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**संत हिरदाराम नगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन के तहत जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में रविवार को प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर डी मार्ट, जहांगीराबाद भोपाल स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

इस रक्तदान शिविर में कुल 488 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके पीड़ित मानवता की सेवा की है। सुबह से ही रक्तदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें लगी हुई थी। जहां एक छोटी सी सुई भी चुभने से दर्द होता है वहीं यह पीड़ित मानवता की सेवा करने वाले खुशी-खुशी अपना हाथ आगे कर रहे थे, कि पहले मेरा रक्त लो क्योंकि वो जानते है कि यह रक्त निश्चित रुप से किसी की जान बचाएगा और जो रक्त दान करता है निश्चित रुप से उनकी पीढ़ियां सुखों की भागीदार बनती है। मिशन के भक्तों के लिए रक्तदान पहले से ही जनकल्याण की सेवा भाव में एक अभिन्न अंग रहा है। युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह महाराज के कथन अनुसार रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहे। इस संदेश को मिशन के अनुयाइयों ने निश्चित रुप से चरितार्थ किया है, जिसे वर्तमान में माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार निरंतर आगे बढाया जा रहा हैं। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, पत्रकार बंधु एवं रक्तदाता आदि विशेष रुप से उपस्थित थे।

# मतदान के दिन कर्मचारी एवं दैनिक वेतन भोगियों को अवकाश देने की मांग

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

शासन ने मतदान के दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश कर्मचारी एवं समस्त दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को देने के आदेश जारी करें हैं लेकिन पिछले दो चरणों में स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों श्रमिकों को अवकाश का लाभ अधिकारियों द्वारा नहीं दिया गया है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग करी है कि शासन के आदेश का समस्त वर्ग के कर्मचारियों एवं दैनिक वेतन भोगीयो श्रमिकों को देना सुनिश्चित किया जाए मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में आज खेल परिषद 74 बंगला भोपाल में बैठक आयोजित करके कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि नियमित कर्मचारी एवं अनियमित कर्मचारी वर्ग परिवार के सदस्यों सहित मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान करेगा। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि शासना आदेश में स्पष्ट है कि समस्त वर्ग के श्रमिकों एवं कर्मचारियों को मतदान के दिन अवकाश का लाभ मिलेगा लेकिन अधिकारी वर्ग छोटे कर्मचारियों को मतदान के दिन भी अवकाश का लाभ नहीं दे रहे हैं जिस कारण पिछले दो चरणों में अधिकारियों के बंगले पर लगे सैकड़ो स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी तथा श्रमिक मतदान नहीं कर पाए हैं मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने समस्त कर्मचारियों दैनिक वेतन भोगियों स्थाई कर्मियों एवं श्रमिकों से अपील करी है कि शासन आदेश का लाभ लेते हुए अगले दो चरणों 7 म ई एवं 13 म ई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शत प्रतिशत मतदान करने मतदान केंद्र पर जाए तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक खांडेकर को दी श्रद्धांजलि

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जब हम प्रदीप खांडेकर को देखते है तो, पाते हैं कि 24 कैरेट का का व्यक्ति कैसा होता है, उनमें न दिखावट, न मिलावट, न बनावट थी, यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के सह-कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सेवा प्रमुख विष्णुभालचन्द्र (प्रदीप) खांडेकर की मानस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही संगठन, सामाजिक और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में था व्यापक अनुभव था

मुक्तिबोध ने बताया कि वह सन् 1989 में भेपाल आए और प्रदीप खांडेकर के साथ रांघ कार्य में लग गए। उनके साथ संघ का काम करते-करते गुण विकसित हुए वह किसी स्कूल, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से नहीं मिल सकते। वह हमारे अभिभावक भी थे, और मित्र भी थे।प्रदीप खांडेकर की बहन स्मृति शर्मा (खांडेकर) ने श्रद्धांजलि सभा में बताया कि प्रदीप खांडेकर (भाऊ साहेब) की नस-नस में संघ बसा था जब मध्यभारत प्रांत के सेवा भारती के प्रांत सचिव के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे तब उनकी कार्यकर्ताओं से मिलने की शैली जनसामान्य की तरह और मित्रवत या






अभिभावक जैसी रही।जब लोग सो कर उठते हैं तब तक वह 8-10 कार्यकर्ताओं से मिल लेते थे, उनका समय प्रबंधन इस प्रकार का था

सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया इस अवसर पर समाज के विभिन्न गणमान्य जनों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय,प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता, प्रांत कार्यवाह डॉ. राजेश सेठी, क्षेत्रीय प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी,विभाग संघचालक सोम कांत उमालकर, विभाग प्रचारक सुरेन्द्र सिंह, डॉ. आशीष जोशी, तात्या टोपे जिले के कार्यवाह दीपक राजोरिया, सेवा भारती के प्रांतीय सचिव विमल त्यागी, राजेन्द्र शर्मा, मंत्री कृष्णा गौर, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री राघवेन्द्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, सत्यनारायण शर्मा, करण सिंह कौशिक, सतीश पिंपलिकर, मोहनलाल गुप्ता, रामेंद्र सिंह, गोपाल कृष्ण गोदानी सहित संघ के अलग-अलग अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारियों और समाज ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रचार के अंतिम कई जगह की सभाएं

## कोलारस की सभा को केंद्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी संबोधित किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में प्रचार के अंतिम दिन सागर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में सुरखी विधानसभा के राहतगढ़ में, गुना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में मुंगावली विधानसभा में, राजगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रोडमल नगर के समर्थन में राजगढ़, राघौगढ़ और ब्यावरा विधानसभा में रोड शो किया एवं आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 500 वर्षों तक भगवान श्रीराम टेंट में बैठे रहे।

इसके बाद कांग्रेस का राज आया तो इन्होंने भी 70 सालों तक भगवान श्रीराम को टेंट में बैठाए रखा और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी प्राण-प्रतिष्ठा का रास्ता खोला और मंदिर बनवाया तो पूरे देश में खुशियां मनाई गईं। लोग अयोध्या पहुंचे और जो अयोध्या नहीं पहुंचे उन्होंने भी अपने घरों में दीपक जलाया, लेकिन कांग्रेस और इसके घमंडिया गठबंधन ने इस दिन भी दुख मनाया। ये हमेशा से श्रीराम मंदिर के निर्माण में अड़ंगा लगाते रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की आंधी में वर्ष 2014 में राहुल गांधी लांच हुए थे, लेकिन वे भी हवा में उड़ गए। कांग्रेस पार्टी को केवल एक ही परिवार नजर आता है, लेकिन भाजपा "सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की बात करती है। इस दौरान मुंगावली में आयोजित जनसभा को केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 70 सालों तक श्रीराम मंदिर के निर्माण में अड़ंगे लगाती रही। ये सनातन धर्म और सनातन संस्कृति की विरोधी है। इस बार का चुनाव भाजपा और कांग्रेस का चुनाव नहीं है, बल्कि इन राम विरोधियों और सनातन धर्म के बीच का चुनाव है। इस चुनाव में इन राम विरोधियों को सबक सिखाना है। सागर लोकसभा सीट के राहतगढ़ में आयोजित जनसभा के दौरान सागर जिले की एकमात्र कांग्रेस विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें भाजपा का गमछा पहनाकर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई एवं पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा का दामन थामा। गुना लोकसभा क्षेत्र के मुंगावली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मेरा इस क्षेत्र की जनता से आत्मीय संबंध है। मेरे पूज्य पिता जी ने मुझे सिखाया था कि याद रखना सिंधिया परिवार का मतलब माता-पिता, पत्नी, बेटा-बेटी नहीं होता, सिंधिया परिवार का मलतब है ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की पूरी जनता। मेरा इस क्षेत्र की पूरी जनता से आत्मीय संबंध है। मैं क्षेत्रवासियों के साथ उनके हर सुख-दुख में हमेशा साथ रहता हूं। पूज्य पिता के निधन के बाद 2002 में जब मैं इस क्षेत्र में आया तो जनता ने मुझे भरपूर प्यार, स्नेह व आशीर्वाद प्रदान किया। मुंगावली में पहले सड़कें नहीं थीं, जो थीं, सिर्फ नाम-मात्र की थीं। इसके बाद यहां सड़कों को सुधरवाने के साथ सड़कों का जाल बिछाया। मुंगावली में ट्रेनें नहीं रूकती थीं, मैंने प्रयास करके यहां लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज करवाया।

## जनता की जिंदगी बदलना मेरे जीवन का लक्ष्य: शिवराज सिंह चौहान



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को विदिशा लोकसभा की दो विधानसभा इछावर और बुधनी में चुनाव प्रचार किया। इछावर विधानसभा के बिल्किसगंज और बुधनी विधानसभा के भैरूंदा और गोपालपुर में पूर्व सीएम ने विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। वहीं पूर्व सीएम ने बिल्किसगंज और गोपालपुर में रोड-शो भी किया। इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि, ये चुनाव अद्भुत हो गया है, इतनी गर्मी और तेज़ धूप भी जनता मुझे सुनने आ रही है। बहनें मुझे तिलक लगाती है, और चुनाव लड़ने के लिए हाथ में 10-10 रूपए देती हैं। मैं जहां जाता हूं मेरी बहनें पैसे निकालकर देती हैं, कई जगह तो बहनें गेहूं दे रही है। चुनाव के बाद गेहूं के पैसों से कन्या भोज कराएंगे और मैं भी उनसें शामिल रहूंगा। बच्चे मुझे मामा-मामा कहकर गुल्लक दे देते हैं। मैं धन्य हो गया हूं, आप सभी को बारंबार प्रणाम करता हूं। पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं नेता नहीं, भैया और मामा हूं। हम सब एक परिवार है। ये दिल, मन और आत्मा के रिश्तें हैं। मैं चुनाव जीतने नहीं बल्कि आपकी जिंदगी बदलने आया हूं। पूर्व सीएम ने कहा कि, पार्टी ने मुझे विधायक बनाया तो विधायक बनकर काम किया, सांसद बनाया तो सांसद बनकर जनता की सेवा की। फिर आप सभी के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बना तो जनता की जिंदगी बदलने का काम किया। अब दिल्ली जा रहा हूं, वहां से भी सेवा करूंगा। चौहान ने कहा कि, ये संदेश देने का चुनाव है, अगर कोई अच्छा काम करें तो उसे ऐसा आशीर्वाद दो कि, दुनिया देखती रह जाए। ये देश को बताने का चुनाव है कि, आप अपने मामा और भैया से कितना प्यार करते हो। दूसरें भी सोचेंगे की अच्छा काम करोगे तो जनता कितना प्यार देती है। पूरे हिंदुस्तान का रिकॉर्ड तोड़ दो और 100 प्रतिशत मतदान करो। बहनें भी घर से निकल जाएं, भाई भी घर से निकलें और चुनाव प्रचार में जुट जाएं।

# शहर की कई कॉलोनियों में पहुंचे आलोक शर्मा, जनसंपर्क और रोड शो किया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल लोकसभा से प्रत्याशी आलोक शर्मा ने लोकसभा चुनाव-प्रचार के अंतिम दिवस रविवार को धुंआधार प्रचार किया। शर्मा ने विधायक व मंत्री कृष्णा गौर के साथ गोविंदपुरा विधानसभा में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान मिसरोद, श्रीराम कालोनी, गोल्डन सिटी, जाटखेड़ी, बागसेवनिया क्षेत्र में आलोक को फलों से तौला गया। कई स्थानों पर जनता ने स्वागत में आतिशबाजी व फूलों की बारिश कर भव्य स्वागत किया। महिलाओं ने तिलक लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, आलोक शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाए और आलोक शर्मा को जीत की अग्रिम बधाई दी। खास बात है यहां कॉलोनी में बंगाली महिलाओं ने समूह में रहकर उलू की आवाज निकाल कर आलोक शर्मा का स्वागत किया। बंगाली महिलाओं द्वारा यह आवाज शुभ काम की शुरुआत में निकाली जाती है। जनसंपर्क की शुरुआत में आलोक शर्मा के समर्थन में मिसरोद में विशाल आमसभा भी हुई। यहां मंत्री कृष्णा गौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीले चावल लेकर घर-घर जाएं, गली-गली जाएं और ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने लोगों को प्रेरित करें। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने जनता स्वयं उत्साहित है। प्रत्याशी आलोक शर्मा की आव्हान पर ग्रामीणों ने हाथ उठाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

**पीले चावल लेकर जाएंगे कार्यकर्ता:** जनसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संकल्प लिया गया। इसके अंतर्गत कार्यकर्ता पीले चावल लेकर घर घर जायेंगे। लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने ले लिए प्रेरित करेंगे।

**पुराने भोपाल में रोड शो में उमड़ा जनसैलाब:** पार्टी प्रत्याशी आलोक शर्मा ने रविवार दोपहर बाद मध्य व उत्तर विधानसभा में विशाल रोड शो किया। इस दौरान, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी एवं पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह भी उपस्थित रहे। रोड शो की शुरुआत में भवानी चौक स्थित मंदिर पहुंचे जहां भवानी मां का आशीर्वाद लिया। इसके बाद रथ पर सवार होकर सराफा चौक, लखेरापुरा, लोहा बाजार, घोड़ा नक्कास, आजाद मार्केट, मारबाड़ी रोड, इतवारा, मंगलवारा के गणेश चौक तक पहुंचे। इस दौरान जनता ने उनके स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए और भव्यतम स्वागत किया।

**किन्नरों ने नाच-गाकर दी बधाई:** पुराने भोपाल शहर में रोड शो के दौरान किन्नरों ने भी प्रत्याशी आलोक शर्मा को अपने परंपरागत तरीके से ताली बजाकर बधाई दी। किन्नरों ने मंच सजाया था। जैसे ही आलोक शर्मा का रोड शो वहां पहुंचा तो उन्होंने आलोक शर्मा के ऊपर फूलों की बरसात कर दी और नाच गाकर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दी।

**अंतिम सांस तक जनता की सेवा करूंगा:** रोड शो के समापन पर प्रत्याशी आलोक शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भोपाल की जनता मेरा परिवार है। और परिवार ने मुझे दो पार्षद और फिर महापौर बनाकर आशीर्वाद दिया है। 7 मई को लोकसभा के लिए मतदान होने जा रहा है। भाजपा ने मुझे प्रत्याशी बनाया है। इस बार भी मुझे आप सबका पूरा आशीर्वाद मिलेगा। मैं अंतिम सांस तक जनता की सेवा करूंगा।

## यौगिक जीवन का महत्वपूर्ण पक्ष है आप अपने भोजन का मूल्यांकन करना छोड़ दें: योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि 6 मई को अंतरराष्ट्रीय नो डाइट डे मनाया जाता है। ये दिन खानपान के नियमों को तोड़कर जीवन को एन्जॉय करने और बॉडीशेप की टेंशन को छोड़कर खुद से प्यार करने की प्रेरणा देता है। शरीर की स्वीकृति और शरीर के आकार की विविधता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय आहार निषेध दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में, अप्राप्य और अवास्तविक शरीर मानकों के परिणामस्वरूप लोग इससे संबंधित मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं। वे लगातार दबाव महसूस करते हैं और खाने के विकार, कम आत्मसम्मान और अस्वास्थ्यकर आहार की ओर धकेले जाते हैं। यह वैश्विक पहल लोगों को भोजन और उनके शरीर के साथ स्वस्थ संबंध बनाने में मदद करने के लिए है। यह दिन एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, इसका उद्देश्य इस तथ्य को स्थापित करना है कि कोई एक विशेष सही शरीर का प्रकार या आकार नहीं है, लोगों को शिक्षित किया जाना चाहिए कि संतुलित आहार कैसे खाएं।

# मतदाता जागरूकता के लिए अभाविप ने निकाली साइकिल यात्रा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आज साईकिल यात्रा निकाली गई ।लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत शहर में 07 मई को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किए जाने और नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किए जाने के उद्देश्य से सुबह 6.30 बजे जन जागरूकता साइकिल यात्रा निकाली गई। जिसमे 100 से अधिक छात्र - छात्राओं ने सहभागिता दी। साइकिल यात्रा पॉलिटेक्निक कॉलेज से प्रारंभ होकर रेट घाट चौराहा होते हुए पॉलिटेक्निक कॉलेज पर समाप्त हुई। एबीवीपी भोपाल जन जागरूकता अभियान के तहत, पिछले कई दिनों से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रही है।

अभाविप के कार्यकर्ताओं ने पीले चावल वितरण, फ्लैश मॉब, नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया । अभाविप ने डीबी मॉल, न्यू मार्केट और भवानी चौक पर फ्लैश मॉब का आयोजन किया और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल वितरण किए ताकि लोग मतदान के लिए जागरूक हों। अभाविप भोपाल ने विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिसमें विद्यार्थियों को उनके एक वोट का महत्व समझाया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को लोकतंत्र में उनकी भूमिका के बारे में और एक वोट की शक्ति का महत्व समझाया गया। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया और साथ ही, युवाओं को राष्ट्रभक्ति का भी संदेश दिया गया है।

## तमिल समाज ने बैठक कर की लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा



**भोपाल।** तमिल समाजभोपाल द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई इसमें कोई देश को अच्छे तरीके से चला सकता है तो वह नरेंद्र मोदी जी है इसलिए तमिल समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा जी के पक्ष में मतदान करेंगे समाज का निर्णय से पूर्व सांसद एवं लोकसभा चुनाव प्रभारी भाजपा आदरणीय आलोक संजय जी को अवगत कराया जिस पर आलोक संजय जी ने किया हर्ष व्यक्त किया तमिल समाज और उन्होंने विश्वास दिलाया कि तमिल समाज के उत्थान के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार एवं आने वाली केंद्र की भाजपा सरकार तत्पर रहेंगे तमिल समाज की बैठक में एम रवि अधिवक्ता संरक्षक तमिल समाज, सुब्रमण्यम सचिव तमिल समाज डॉ सुरेश कुमार शिक्षाविद सिंगार वेल, लक्ष्मी ,मुनियम्मा, नवशक्ति, सेल्वानाथन, कार्तिक, पायनी, स्वामी शिवम, षणमुगम, कपिल दास आदि उपस्थित थे।

# एम्सके डॉ. पुनीत अग्रवाल ने तुर्किये में अपना शोध प्रस्तुत किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह संकाय और छात्रों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता और ज्ञान-साझाकरण की संस्कृति को सदैव बढ़ावा देते रहते हैं। उनके मार्गदर्शन में, एम्स भोपाल ने विभिन्न शैक्षणिक मंचों पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। विभिन्न सम्मेलनों और कार्यशालाओं में संकाय सदस्यों की भागीदारी न केवल उनके कौशल को बढ़ाती है बल्कि उन्हें नवीनतम प्रगति के साथ अद्यतन भी रखती है। हाल ही में, एम्स भोपाल के जनरल सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. पुनीत अग्रवाल ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा पर वर्तमान रुझानों पर आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस और प्रदर्शनी (स्किटेड 2024) में अंडरग्रेजुएट सर्जरी छात्रों को पढ़ाने के लिए संयुक्त ई-लर्निंग दृष्टिकोण पर अपना शोध प्रस्तुत किया। 18 से 24 अप्रैल, 2024 तक ओलुडेनिज़, तुर्किये में आयोजित सम्मेलन में यूके, जर्मनी, सऊदी अरब, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह के संरक्षण और मार्गदर्शन में, डॉ. अग्रवाल की प्रस्तुति को ई-लर्निंग पद्धतियों के माध्यम से सर्जिकल शिक्षा के प्रति अपने अभिनव दृष्टिकोण के लिए विशेष रूप से सराहा गया । शोध पत्र के द्वारा प्रतिभागियों को सर्जिकल शिक्षा में वर्तमान ई-लर्निंग रुझानों और सर्जिकल सिमुलेशन तकनीकों में नवीनतम जानकारी प्राप्त हुई । एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने तुर्किये में सम्मेलन में अपनी व्यावहारिक प्रस्तुति के माध्यम से सर्जिकल शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने में उनके असाधारण योगदान के लिए डॉ. पुनीत अग्रवाल की सराहना की।

# सिंधिया और दिग्विजय के साथ 6 प्रत्याशी खुद को ही नहीं दे पाएंगे वोट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 9 लोकसभा सीटों मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, भोपाल, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल में तीसरे चरण में 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच मतदान होगा। तीसरे और चौथे चरण में ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह समेत 6 प्रत्याशी चुनाव में खुद को वोट नहीं दे पाएंगे।

दरअसल गुना से लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ से प्रत्याशी दिग्विजय सिंह लोकसभा चुनाव में खुद को अपना ही वोट नहीं दे पाएंगे। तीसरे और चौथे चरण में 6 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनका वोट उनके लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नहीं है। यही नहीं इनमें से कुछ प्रत्याशी ऐसे भी है, जिनके परिवार वालों के नाम भी संबंधित क्षेत्र में नहीं है, जिस वजह से उन्हें खुद के परिवार के वोट भी नहीं मिल सकेंगे। मतदान के लिए उन्हें लोकसभा क्षेत्र छोड़कर मूल स्थान पर जाना पड़ेगा।



### जहां से चुनाव लड़ रहे, वहीं के ही वोटर नहीं

राजगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह का नाम भोपाल की श्यामला हिल स्थित जजेज कॉलोनी की वोटर लिस्ट में है। गुना से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया, उनकी पत्नी और बेटे का नाम ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में है। सागर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला गुड्?डू राजा का वोट भोपाल के मालवीय नगर की वोटर लिस्ट में है। भिंड से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया का नाम ग्वालियर के थाटीपुर स्थित न्यू जीवाजी नगर कॉलोनी की मतदाता वोटर लिस्ट है।

### चौथे चरण में ये नहीं दे सकेंगे वोट

देवास से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र मालवीय और मंदसौर से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर भी खुद को वोट दे सकेंगे।

### तीसरे चरण का प्रचार थमा

राज्य में तीसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार रविवार यानी 5 मई शाम 6 बजे थम गया है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान 7 मई मंगलवार को होना है। दरअसल, मध्य प्रदेश की 9 लोकसभा सीटों मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, भोपाल, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल में तीसरे चरण में 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच मतदान होगा।

### किन राज्यों में होंगे मतदान

चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। तीसरे चरण में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नगर हवेली/दमन और दीव, जम्मू-कश्मीर। हालांकि चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है. अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है।

### इन दिग्गजों की किस्म दांव पर

तीसरे चरण के लिए मतदान के बाद 7 मई को जिन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। उनमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नाम शामिल है। वो गुजरात की गांधीनगर सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। मध्य प्रदेश में विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा उत्तर प्रदेश में मुलायम परिवार की डिंपल यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी मंगलवार ( 7 मई ) को होगा। महाराष्ट्र की बारामती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार की किस्मत का फैसला भी ईवीएम में बंद हो जाएगा।

स म्पा द की य

# जल संकट और मिशन



देश के अधिकांश हिस्सों में इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। मध्यप्रदेश भी इससे अछूता नहीं है। एक तरफ तपती धूप, असहनीय तापमान, उस पर तमाम गांवों-शहरों और कस्बों में जल संकट की शुरुआत हो चुकी है। आज ही एक खबर आई है बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड की। वहां गर्मी की शुरुआत में भीषण जलसंकट के हालात हैं। विकासखंड के ग्राम चिकलकुआवाडी के उगेवना फलियां में तीन हैंडपंप जलस्तर गिरने से बंद हो चुके हैं। महिलाओं व बच्चों को दो किमी दूर स्थित एक निजी कुएं पर पानी भरने के लिए जाना पड़ता है। महिलाएं और बच्चे 20 फीट गहरे कुएं में उतरकर बर्तनों में पानी भरकर ऊपर लाती हैं। ऐसे में जरा सा भी संतुलन बिगड़ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है।

कहने को गांव छोटा है, 250 लोगों की आबादी है। इस गांव में तीन महीने से जलसंकट का दौर चल रहा है। क्षेत्र के तीन हैंडपंप जलस्तर गिरने की वजह से बंद हो चुके हैं। फलियां के रहवासी दो किमी दूर जाकर एक निजी कुएं में जान जोखिम में डालकर पानी निकाल रहे हैं। जो पानी निकल रहा है वह भी मटमैला है। लेकिन मजबूरी में वही पानी पीने के लिए मजबूर हैं। 25 से 30 परिवार एक ही कुएं पर निर्भर है। यहां पर सुबह से शाम तक पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है। फलियां में ना ही चालू स्थिति में हैंडपंप है। न ही शासन से नल जल योजना में पानी की व्यवस्था की गई। जिससे यहां के लोग परेशान हैं। फलियां में एक दबंग व्यक्ति ने एक हैंडपंप पर अपना कब्जा जमा रखा और पानी की मोटर लगाकर खेत में सिंचाई के काम में ले रहा है। लेकिन लोगो को पीने का पानी नहीं दे रहा है

ग्रामीण दो किमी दूर से एक निजी कुएं से पानी ला रहे हैं। उन्होंने कहा पशुओं को 3 किमी दूर बेडदा में बने तालाब में पानी पिलाने ले जा रहे हैं। वहीं निजी कुएं में भी पानी मटमैला आता है फिर भी मजबूरी में उन्हें वहीं पानी पीना पड़ता है। जहां पर पानी की समस्या नहीं है वहा पर जबरन टंकी बनाकर शासन द्वारा नल जल योजना संचालित कर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं। जबकि हमारे गांव में पानी के लिए तरस रहे हैं यहां पर शासन कोई व्यवस्था नहीं कर रही हैं। फिलहाल 3 हैंडपंप भी सूखे पड़े हुए हैं। रहवासियों का कहना है मौखिक रूप से अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया लेकिन निराकरण का आश्वासन देकर चले गए। अभी तो गर्मी पूरी तरह से पड़ी भी नहीं है. और पानी की समस्या विकराल हो गई है।

ये तो एक गांव का मामला है। प्रदेश के दर्जनों गांव, शहर और कस्बों में इस समय जबर्दस्त जल संकट का दौर चल रहा है। कहने को राज्य में दसियों साल से जल ग्रहण मिशन चल रहा है। करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। बुंदेलखंड को तो विशेष पैकेज में रखा गया था। लेकिन हालात में बहुत ज्यादा परिवर्तन दिखा नहीं। पिछले कुछ वर्षों से जल जीवन मिशन भी चल रहा है। हर गांव में पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। कागजों में मिशन को सफल निरूपित कर दिया गया है। लेकिन बड़वानी का ये गांव इस अभियान की असलियत को उजागर करने काफी है।

असल में सरकार में दो हिस्से हैं, एक राजनीतिक और दूसरा प्रशासनिक। प्रशासन में बैठे लोग कागजों में अभियानों की सफलता दिखाने में परफेक्ट हैं। और राजनेताओं को भी वे आसानी से संतुष्ट कर देते हैं। जब खबर आती है या कोई शिकायत करता है, आंदोलन होता है, तभी उन्हें असलियत का अंदाजा हो पाता है। अब इसकी किसे फुर्सत है कि दूरदराज के गांवों में जाए और लोगों की समस्याओं से रूबरू हो। कई बार तो चुनाव में भी नेताओं का ऐसे इलाकों में भ्रमण नहीं होता। उनके चेले-चपाटे वहां जाकर लोगों से वायदा करके आ जाते हैं। किसी भी तरह से उन्हें वोट के लिए तैयार कर लेते हैं। समस्याएं जहां की तहां ही रह जाती हैं।

# मोदी का तंज और जयराम रमेश का पलटवार

**अरुण पटेल**

अमेठी की जगह रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तंज करते हुए कहा कि 'डरो मत, भागो मत' पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी कि वे दक्षिण भारत से चुनाव लड़कर दिखायें। शुक्रवार 3 मई 2024 का पूरा दिन एक प्रकार से राजनीतिक गलियारों में समूचे देश में राहुल और कांग्रेसमय रहा। एक-दूसरे पर राजनेताओं ने जमकर वार-पलटवार किये। मोदी ने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि अमेठी से भाग कर रायबरेली पहुंच गये। पश्चिम बंगाल की चुनावी सभा में राहुल पर निशाना साधते हुए बिना उनका लिये मोदी ने कहा कि चार जून के बाद शाहजादा फिर नये क्षेत्र की तलाश करेंगे जैसा कि परिवार के अन्य वरिष्ठ सदस्य ने किया और राजस्थान से राज्यसभा सीट मिली। मैंने कहा था शाहजादा वायनॉड से हारेंगे और मतदान खत्म होने के बाद तीसरी सीट तलाशेंगे।

उनके समर्थक कहते थे कि वे अमेठी आयेंगे पर वे भाग गये। राहुल गांधी का कहना था कि मां ने भरोसे के साथ मुझे यह कर्मभूमि सौंपी है जबकि उनकी बहन प्रियंका गांधी का कहना था कि यहां से स्नेह का रिश्ता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राहुल गांधी का एक प्रकार से पक्ष लेते हुए कहा कि देश में किसी को भी कहीं से भी चुनाव लड़ने की आजादी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तंज किया कि 'राहुलयान' की 21वीं लांचिंग भी विफल रहेगी। भाजपा चाहती थी कि अमेठी से राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरें ताकि पूरे देश की निगाहें अमेठी पर लगी रहें, लेकिन कांग्रेस ने भाजपा के मंसूबों पर पानी फेरते हुए राहुल को रायबरेली से मैदान में उतार दिया। इस वजह से स्मृति ईरानी जो कि राहुल के खिलाफ स्टंट करती रहती थीं के मंसूबों पर पानी फिर गया है और शायद यही भाजपा नेताओं की बौखलाहट का सबसे बड़ा कारण भी है।

पिछले दो-तीन दिन से राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने के तमाम कयासों और अटकलबाजियों को धता बताते हुए कांग्रेस ने एक रणनीति अपनाई और राहुल गांधी को अमेठी की जगह रायबरेली से उम्मीदवार बना दिया। अब अमेठी में स्मृति ईरानी का मुकाबला गांधी परिवार के प्रति समर्पित रहे कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा से होगा। इस घटनाक्रम से शायद सबसे अधिक भौचक्का स्मृति ईरानी ही रहीं होंगी। क्योंकि, उन्होंने जो चुनाव जीतने के लिए अपने तरकश में राहुल पर हमला बोलने के लिए तीर सजा कर रखे थे वे बेअसर हो जायेंगे और अब स्थानीय नेता से मुकाबला होने पर अमेठी एक चर्चित लोकसभा क्षेत्र नहीं रह पायेगा जिसके ऊपर समूचे देश की निगाहें लगी होंगी।





राजनीतिक गलियारों में अमेठी को लेकर यह कहा जा रहा है कि यदि स्मृति ईरानी जीत जाती हैं तो यह उनकी कोई उपलब्धि नहीं होगी लेकिन यदि वह किशोरी लाल से चुनाव हार जाती हैं तो उनके राजनीतिक भविष्य के सामने एक सवालिया निशान लग जायेगा। अब सबसे बड़ा संकट स्मृति ईरानी के सामने है शायद राहुल गांधी का रायबरेली से नामांकन हो गया है इसलिए उन्हें नये चुनावी मुद्दे तलाशने होंगे। वे यदि नेहरु-गांधी परिवार पर हमला जारी रखेंगी तो इससे अमेठी में उनके विरुद्ध जनमत खड़े होने का खतरा पैदा हो सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की तीन चुनावी सभाओं में कांग्रेस पार्टी और खासकर बिना नाम लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शाहजादे ने वायनाड में हार मान ली है इसीलिए उन्होंने सीट बदल ली। वह लोगों से घूम-घूमकर कहते हैं कि डरो मत। अब मैं भी उनसे कहना चाहता हूं कि 'डरो मत भागो मत'। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को अब तक की सबसे कम सीटें मिलेंगी। सोनिया गांधी पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं में चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। ओपीनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की कोई जरुरत नहीं है क्योंकि मैंने संसद में बहुत पहले कांग्रेस की हार की बात कही थी। जब उनके वरिष्ठ नेता अपनी लोकसभा सीट रायबरेली छोड़कर राजस्थान से राज्यसभा जा रहे हैं तो यह इस बात का सुबूत है कि उन्होंने अपनी हार मान ली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहे जितना जोर लगा ले वह 50 सीटें भी नहीं जीतेगी और इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस भी 15 सीटें नहीं जीतेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए वह एससी-एसटी व ओबीसी का आरक्षण छीन कर अपने जेहादी वोट बैंक को दे देगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी के एक उम्मीदवार द्वारा की गयी वोट जिहाद टिप्पणी का समर्थन करने के लिए आईएनडीआईए और कांग्रेस की आलोचना की।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि गांधी परिवार का गढ़ अमेठी और रायबरेली ही नहीं बल्कि उत्तर से दक्षिण तक पूरा देश गांधी परिवार का गढ़ है। राहुल गांधी तीन बार उत्तरप्रदेश से और एक बार केरल से सांसद बन चुके हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने विंध्याचल से नीचे जाकर चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाई है।

रायबरेली से नामांकन के बाद राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था, मेरी मॉ ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं दोनों ही मेरा परिवार है और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में मैं अपनों की मुहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं, मुझे भरोसा है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।

रायबरेली सीट पर जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं वहां से 25 साल से कांग्रेस जीत रही है और वहीं अमेठी में 25 साल बाद गैर गांधी परिवार से किशोरी लाल शर्मा मैदान में हैं लेकिन वह गांधी परिवार के सबसे भरोसेमंद हैं जो अमेठी एवं रायबरेली में इस परिवार के व्यक्ति के रुप में कामकाज देखते रहे हैं।

**एक दूसरे पर तंज करते राजनेता**

सात मई को तीसरे दौर का मतदान होने जा रहा है और मध्यप्रदेश में भी राजनेता एक-दूसरे पर तंज कसने तथा एक-दूसरे की विफलता गिनाने की प्रतिस्पर्धा में कोई किसी से पीछे नहीं रहना चाहता। इसलिए उनमें आपस में होड़ लगी हुई कि कौन किस पर ज्यादा गहरा तंज कसता है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के पूर्व महासचिव दिग्विजय सिंह के चुनाव क्षेत्र में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा नेताओं से पूछा है कि वह दस साल का रिपोर्ट कार्ड बतायें कि उसने क्या किया। ब्यावरा में पायलट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के तमाम नेता व कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार का नारा दे रहे हैं और पूरे एनडीए गठबंधन ने इसे ही अपना मुख्य एजेंडा बनाया है, लेकिन लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पाना इतना आसान नहीं है।

दूसरे चरण के मतदान के बाद उनकी समझ में भी आ गया है कि यह आंकड़ा पाना आसान नहीं है। भाजपा वाले अब सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम, मंदिर-मसजिद और मंगलसूत्र में उलझे हैं लेकिन कांग्रेस मुद्दों की राजनीति करती है। हमारे मुद्दे मनरेगा, किसान, निवेश के स्कूल, सड़क, नौकरी, बिजली, खाद-पानी, उद्योग, टीचर, अस्पताल हैं जिन पर चुनाव होने चाहिये। उनका आरोप था कि भाजपा सरकार दबाव की राजनीति कर रही है और निष्पक्ष व्यवस्था को दरकिनार कर संवैधानिक संस्थाओं पर प्रहार कर चुने हुए मुख्यमंत्री को जेल में डाल रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा का कहना है कि राजगढ़ चुनाव देश व प्रदेश में चर्चित चुनाव है। क्योंकि, मध्यप्रदेश के बंटाढार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। ये मिस्टर बंटाढार वही दिग्विजय सिंह हैं जो 2003 से पहले प्रदेश को दुरावस्था में ले गये थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुलताई में मोदी की गारंटी पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह चाइना के माल की कोई गारंटी नहीं होती उसी तरह मोदी की गारंटी है जिसकी कोई गारंटी नहीं है।

**और यह भी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राहुल गांधी पर किये गये तंज को लेकर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार के.के. मिश्रा ने ट्वीट में कहा है कि रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से राहुल गांधी के नामांकन दाखिल करने को लेकर बिना मांगी सलाह नरेन्द्र मोदी दे रहे हैं कि 'डरो मत भागो मत' उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्रीजी नेहरु-गांधी परिवार का भय और भागने से कोई भी रिश्ता होता तो वह परिवार आजादी के संग्राम में अंगेजों की गुलामी करता, उनसे माफी मांगता, उनकी मुखबिरी करता और बलदानी परिवार का स्तंभ न कहलाते हुए गद्दार के परिवार के रुप में जाना जाता। यदि आप निडर हैं तो यह भी बता दीजिए कि आपने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में बार-बार निर्वाचन क्षेत्र क्यों बदले डरे या भागे।

# रियासत के बाद विरासत पर कब्जे के लिए राहुल गाँधी के बदले तेवर

**आलोक मेहता**

राहुल गाँधी को कांग्रेसी परम्परा वाले कुर्ते पाजामे में आपने पहले कब देखा होगा? पुराने फोटो तो मिल जाएंगे, लेकिन जब से यात्राएं शुरु की हैं, वे सफ़ेद टी शर्ट और जींस या पेंट पहने देख रहे होंगे। इस बार अमेठी रियासत से पलायन कर फिरोज गाँधी इंदिरा गाँधी की विरासत वाली रायबरेली के चुनाव मैदान में उतरने के लिए वह एक प्राइवेट विमान से उसी तरह की मॉडर्न टी शर्ट पहने उतरे और उसी रुप में अपना चुनाव नामांकन दाखिल करने गए।

हवाई अड्डे पर भी वह ऐसी मस्ती में अपनी बहन प्रियंका के गले में हाथ डाल आगे बढ़ते रहे, जैसे कोई यात्री अपने परिवार के साथ घूमने फिरने या शादी ब्याह में शामिल होने आया हो। स्वाभाविक है प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा, मम्मी श्रीमती सोनिया गाँधी और पार्टी के नेता अशोक गेहलोत और सुरक्षाकर्मी साथ थे। उधर स्थानीय कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता दो दिन से जयकार करके स्वागत कर रहे थे। हाँ, अमेठी में कुछ निराशा और रायबरेली में कुछ उत्साह दिख रहा था। लेकिन तेज गति में विश्ववास करने वाले राहुल को सामान्य कार्यकर्ता या माइक कैमरे लेकर उनके पीछे घंटों तक भाग रहे मीडिया कर्मियों को चार लाइन में प्रसन्नता या धन्नावाद कहने का समय नहीं मिल सका 7 आखिरकार, उन्हें तेज चलने, स्ट्रीमिंग, बॉक्सिंग और पेरा ग्लाइडिंग का गहरा शौक है। इसलिए पेरा ग्लाइडर स्ट्राइल से रायबरेली उतर गरीब जनता को दर्शन देकर धन्य करना काफी था। सचमुच इंदिरा मैया से लेकर राहुल बाबा के

अवतार से क्या इस इलाके और कांग्रेस पार्टी में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं? इस बात को उठाने का कारण यह है कि एक पत्रकार के नाते 1972 से मैं इंदिरा गाँधी, संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गाँधी, अरुण नेहरु और प्रियंका गांधी के रायबरेली अमेठी के साथ कांग्रेस के राजनीतिक उतार चढ़ाव देखता लिखता बोलता रहा हूँ। अमेठी राज परिवार और नेहरु परिवार के पुराने संबर्धा के कारण फिरोज गाँधी और संजय गाँधी के चुनावी दौर से इस क्षेत्र को राहुल एन्ड कंपनी अपनी विरासत मानती है। संजय गाँधी ने जून जुलाई 1976 में युवक कांग्रेस के श्रमदान शिविर लगा सड़क निर्माण के काम से अपने लिए राजनीतिक आधार तैयार करने का प्रयास किया था। मैंने स्वयं इस श्रमदान गतिविधि की रिपोर्टिंग की थी। संजय 1977 का चुनाव हारे, लेकिन 1980 में वह और 1981 के बाद राजीव गाँधी परिवार या नजदीकी 2014 तक विजयी होते रहे। संजय राजीव और राहुल गाँधी पहले कांग्रेस के खादी कुर्ते पाजामे में ही इस इलाके या पार्टी कार्यक्रमों में दिखते रहे।





2019 की चुनावी पराजय के बाद राहुल गाँधी ने पार्टी के पदों की किसी जिम्मेदारी के बजाय अपनी पसंद के सहयोगियों और सलाहकारों के बल पर मॉडर्न और कट्टर कम्युनिस् विचारों और बॉक्सर के हमलावर तेवर के साथ राजनीतिक यात्री का रुप दिखाया है। कांग्रेस के अधिकृत संविधान में सदस्यों के लिए निर्धारित शर्ट के अनुसार सदस्य को धर्म जाति के भेदभाव रहित एक सूत्र में विश्वास रखकर काम करना है, लेकिन पिछले दो वर्षों से राहुल गाँधी जातिगत जनगणना और मुस्लिमों को अलग से आरक्षण का अभियान इस हद तक चला रहे हैं कि यह उनके जीवन का लक्ष्य है। उनके सहयोगी और समर्थक उन्हें भावी प्रधान मंत्री के रुप में बताकर अब रायबरेली और देश का सबसे बड़ा दावेदार दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह पार्टी संविधान में अब भी मद्यनिषेध की नीति अपनाने की बात दर्ज है, लेकिन राहुल कांग्रेस शराब की अधिकाधिक बिक्री से जुड़े शराब घोटाले के आरोपी अरविन्द केजरीवाल की पार्टी से गठबंधन करके सत्ता की लड़ाई लड़ रही है। यों 2014 में कांग्रेस पार्टी को दिल्ली तथा केंद्र से हटाने के आंदोलन की प्रमुख भूमिका केजरीवाल पार्टी की ही थी।

अमेठी की रियासत में भारतीय जनता पार्टी की नेता स्मृति ईरानी की पिछली चुनावी विजय से विचलित राहुल गांधी ने इस क्षेत्र का रास्ता ही छोड़कर सुरक्षित विरासत रायबरेली में चुनाव लड़ना आवश्यक समझा, जबकि वह केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं। सोनिया गांधी द्वारा रायबरेली में चुनाव लड़ने के बजाय राज्य सभा की सदस्य बनने के बाद प्रियंका गाँधी के इस क्षेत्र में चुनाव लड़ने पर बहुत मंथन हुआ। सही बात यह है कि प्रियंका 1999 से रायबरेली अमेठी में परिवार और पार्टी के प्रचार कार्य में सक्रिय रही हैं। इसलिए वह और उनके पति राबर्ट वाड्रा रायबरेली और अमेठी में चुनाव लड़ने के दावेदार रहे। लेकिन राहुल और उनकी टीम इस विरासत पर अपना कब्ज़ा चाहते हैं।

राहुल गांधी ने तो 2014 के चुनाव से पहले एक अखबार के संपादक से इंटरव्यू में साफ कह दिया था कि प्रियंका मेरी बहन और दोस्त है। साथ ही कांग्रेस की कार्यकर्ता है। इस नाते मुझे और संगठन के लिए मदद कर रही हैं। मुझे नहीं लगता कि उनकी कोई चुनावी भूमिका होगी। परिवार और पार्टी ने इस बार अमेठी में अपने पुराने वफादार निजी सहायक किशोरीलाल शर्मा को अमेठी का उम्मीदवार बना दिया। वह राजीव काल से परिवार की तरफ से इस इलाके में आते जाते रहे थे। लेकिन 2009 के बाद राहुल ने उनके बजाय अपने अन्? सहायकों को अमेठी का जिम्मा दिया और शर्माजी कभी कभार रायबरेली आते जाते रहे। लेकिन अब स्मृति ईरानी के विरुद्ध स्वयं मोर्चा संभालने या पार्टी के किसी अनुभवी क्षेत्रीय या राष्ट्रीय नेता के बजाय किशोरीलाल शर्मा को मैदान में उतार दिया। मतलब पार्टी में कोई दूसरा प्रभावी नेता नहीं दिखा।

पराकाष्ठा यह है कि 3 मई को जिस समय किशोरीलाल शर्मा ने चुनाव का नामांकन पत्र दाखिल किया, तब परिवार का कोई सदस्म या प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष तक साथ में नहीं दिखाई दिया। जबकि इसी दिन पूरा गाँधी परिवार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्ध्र बड़े नेता सिर्फ 20 किलोमीटर दूर रायबरेली में राहुल के पर्चा जमा करते वक्त मौजूद थे। हाँ, सुबह के वक्त प्रियंका गाँधी ने एक गाड़ी पर खड़े होकर समर्थकों को यह आश्वासन दिया था कि वह स्यूयं बाद में प्रचार करने आएंगी। मतलब परिवार और पार्टी जनता को अपने आप उनकी जयकार करने का अधिकार मानती है। आखिरकार अमेठी राजा महाराजाओं की परम्परा वाला क्षेत्र है। गाँधी परिवार और कांग्रेस दुवारा जनता की अनदेखी का ही नतीजा है कि स्मृति ईरानी ने 2014 से लगातार सक्रिय रहकर और विकास कार्यों को प्रथमिकता डेकर लोकप्रियता प्राप्त कर ली है। उनसे चुनावी मुकाबले की हिम्मत राहुल नहीं दिखा सके।

# अब मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी पर सियासी घमासान

**अजय बोकिल**

विपक्ष को शक है कि चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। खासकर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है? जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि समूचे आंकड़े कंपाइल करने में वक्त लगता है, इसलिए अंतिम आंकड़े जारी करने में कुछ देरी हुई। यहां बात केवल अंतिम आंकड़ों की नहीं है।

अगर कण-कण में भगवान है तो मानिए कि इस देश के जर्रे-जर्रे में सियासत समा गई है। अब चुनाव कार्यक्रम, चुनाव प्रक्रिया, चुनाव नतीजे के साथ-साथ चरणवार मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने पर भी सियासी घमासान मचा है। गोया यह पूरा चुनाव ही शक शुबहों की सुरंग से होकर गुजर रहा है। विपक्ष को हर बात में खोट दिख रही है तो सत्ता पक्ष सब कुछ स्वाभाविक मानकर मुग्ध है। विपक्ष को शक है कि चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। खासकर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है? जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि समूचे आंकड़े कंपाइल करने में वक्त लगता है, इसलिए अंतिम आंकड़े जारी करने में कुछ देरी हुई। यहां बात केवल अंतिम आंकड़ों की नहीं है। जो आंकड़े सामने आए हैं, वो चुनाव के दो चरणों के दौरान कम मतदान के नरेटिव को झटका देने वाले हैं।

शुरूआती आंकड़ों में यह संदेश छुपा था कि दोनो चरणों में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 3 से 7 फीसदी की गिरावट आई है। लेकिन चुनाव आयोग ने पहले चरण के डेढ़ हफ्ते बाद जो आंकड़े बताए, उससे पहले चरण में 102 संसदीय सीटों पर 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 प्रतिशत वोट पड़े। जबकि चुनाव आयोग ने पहले चरण के मतदान के आरंभिक आंकड़े औसतन 60 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में 60.96 प्रतिशत बताए थे।

अगर इसकी तुलना 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रथम व द्वितीय चरण के मतदान प्रतिशत से की जाए तो वोटिंग में यह कमी क्रमश- 4 और 3 फीसदी की होती है। अगर पिछले लोस चुनाव के कुल औसत मतदान 67 फीसदी से इसकी तुलना करें तो कुल मतदान में घटत उतनी ज्यादा नहीं है, जितनी कि मानी जा रही थी। फिर भी मतदान घटा तो है, जिससे चुनाव नतीजे काफी बदल सकते हैं और कई जगह हार- जीत का अंतर भी बहुत कम रह सकता है।

**आंकड़ों की सियासत और सियासत के आंकड़े :** मतदान के आरंभिक आंकड़ों ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी थी। माना जा रहा था कि तमाम कोशिशों के बाद भी वोटर घर से नहीं निकल रहा है। राजनीतिक विश्लेषक इस बात का गुणा-भाग लगा रहे थे कि कम मतदान किसको जीत की ट्रॉफी दिलाएगा।

इसके लिए तरह-तरह के आंकड़े और डाटा एनालिसिस पेश किया जा रहा था। मोटे तौर पर संदेश यही था कि कम मतदान सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए के लिए जोखिम भरा है। यह बताने की भी कोशिश हुई कि चुनाव में खासकर भाजपा का वोटर अपेक्षित संख्या में नहीं निकल रहा। ऐसे में देश में 2004 के लोकसभा चुनाव जैसी स्थिति बन सकती है, जब मतदान अपने पूर्ववर्ती 1999 के लोस चुनाव की तुलना में 1.9 फीसदी कम रहा था और सत्तारूढ़ अटलजी की सरकार सत्ता से बेदखल हो गई थी तथा नेतृत्व विहीन यूपीए गठबंधन सत्ता में आ गया था।

2009 के लोस चुनाव में भी औसत मतदान 58.21 प्रतिशत रहा और यूपीए 2 फिर सत्ता में लौटा। लेकिन 2014 ने वोटिंग ट्रेंड ने गीयर बदला। अगले दो लोकसभा चुनाव में यह 8 से 10 फीसदी तक बढ़ा और मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में रही है। विपक्ष के लिए झटका यह है कि पहले चरण के जो आंकड़े शुरू में बताए गए थे, उनमें 6 फीसदी से ज्यादा का अंतर है। यानी इतना मतदान बढ़ा है। ये आंकड़े 2019 के लोस चुनाव के पहले दो चरणों के औसत आंकड़ों के आसपास ही हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि मतदान कम जरूर हुआ है, लेकिन इतना कम भी नहीं हुआ है कि विपक्ष की बांछें खिल जाएं। अगर यही ट्रेंड अगले पांच चरणों में भी रहता है तो तय मानिए कि चुनाव नतीजे कमोबेश 2019 के जैसे ही हो सकते हैं।

**पक्ष और विपक्ष के बीच तनातनी:** पहले दो चरणों के मतदान के अंतिम आंकड़ों से भाजपा ने कुछ राहत की सांस ली है, जबकि विपक्ष के मन में शक का कीड़ा और गहरा गया है। उसने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाते हुए तीन प्रश्न उठाए हैं। पहला यह कि दोनों चरणों के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतनी देरी के पीछे मंशा या मजबूरी क्या है? दूसरे, कम बताया जा रहा मतदान अचानक 6 फीसदी तक कैसे बढ़ गया? यह सचमुच आंकड़ों के संग्रहण में देरी है या कुछ और? तीसरा यह कि आयोग केवल मतदान का प्रतिशत क्यों बता रहा है, कुल मतदान के आंकड़े बताने में उसे क्या परेशानी है? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने तो आरोप लगाना शुरू भी कर दिया है कि चुनाव आयोग नतीजों में गड़बड़ी कर सकता है।

आंकड़े जारी करने में यकीनन देरी हुई है। क्योंकि पहले के चुनाव में किसी भी चरण के अंतिम आंकड़े प्राय- तीन दिन के अंदर मिल जाते थे। वैसे भी मतदान के दिन शाम तक के जो आंकड़े चुनाव आयोग जारी करता है, वो सरसरी तौर पर और अनुमानित ही होते हैं, क्योंकि मतपेटियां जमा होने का क्रम देर रात तक या दूसरे दिन सुबह तक भी चलता है। उन सभी के मतदान के वास्तविक आंकड़ों की पुष्टि कर उनको कंपाइल करने में वक्त लगता है। लेकिन उंगली आयोग की मंशा पर उठ रही है।

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के अंतिम आंकड़े की जानकारी देने में देरी %अस्वीकार्य% है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मीडिया से कहा कि हमे उम्मीद है कि चुनाव के बचे हुए चरणों में ऐसा नहीं होगा। सीपीएम नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि ये बहुत परेशान करने वाला है। इससे नतीजों में गड़बड़ी का गंभीर शक पैदा होता है। उनका यह भी कहना था कि जब तक वोटों कुल आंकड़ा न बताया जाए तब तक प्रतिशत बताने का कोई अर्थ नहीं है।

दूसरी ओर पूर्व चुनाव आयुक्त एन गोपालास्वामी का कहना है कि मतदान के पुष्ट चुनावी आंकड़े तब उपलब्ध होते हैं, जब वोटिंग के अंत में फॉर्म 17ष्ट जमा किया जाता है। इसी फॉर्म पर डाले गए वोटों की कुल संख्या होती है। तभी आयोग को अंतिम आंकड़े पता चलते हैं। हालांकि, कुछ विशेषज्ञो का मानना है कि अंतिम आंकड़ों में पांच छह फीसदी की घट बढ़ असामान्य नहीं है।

इसका एक अर्थ यह भी है कि यदि अंतिम आंकड़े और घटते तो विपक्ष ज्यादा मुतमइन रहता, बढ़ते आंकड़ों ने उसे बेचैन कर दिया है। हालांकि, अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना विलंब चुनाव आयोग की कार्य क्षमता पर भी सवाल खड़े करता है, क्योंकि जो काम तय सीमा में अब तक होता रहा है, वही काम ज्यादा संसाधनों और बेहतर टैक्नोलॉजी के बाद भी इतनी देरी से क्यों हो रहा है अथवा किया जा रहा है? हालांकि, यह मानना कठिन है कि चुनाव आयोग जान बूझ कर कोई खेला कर रहा होगा, क्योंकि इस चुनाव में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता तो उसी की दांव पर लगी है। अगर यह कोई व्यवस्थागत खामी है तो उसे अगले चरणों में दूर करने की जरूरत है।

यह बात अलग है कि अपनी कॉलर ऊंची रखने के लिए कम मतदान को सभी दल अपने अपने पक्ष में बता रहे हैं, लेकिन खुटका सभी के मन में है और खासकर भाजपा के मन में जिसने 400 पार का नारा दिया हुआ है। ऊपर से भले ही प्रधानमंत्री कम मतदान को भगवा रंग में लिपटा मानें, लेकिन अंदरखाने बीजेपी ने अपनी समूची चुनावी मशीनरी को खड़का दिया है कि किसी भी कीमत पर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाओ। वरना नतीजों का ऊंट दुश्मन की करवट जा बैठेगा। कुलमिलाकर डर दोनों तरफ है। हालांकि, कम मतदान की खबरों ने अचानक विपक्ष की ईवीएम पर आस्था बढ़ा दी थी।। लेकिन बढ़ा मतदान यह आस्था फिर घटा सकता है। याद करें कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय टीडीपी नेता चंद्राबाबू नायडू विरोधी खेमे में थे और उन्होंने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे। लेकिन इस दफा वो खामोश हैं, बीजेपी के साथ हैं और सत्ता में वापसी की आस लगाए हुए हैं। उन्हें ईवीएम में कहीं कोई खोट नजर नहीं आ रहा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## 7 मई को मतदान करके निशान दिखाओ पेट्रोल सीएनजी पर एक रुपए की छूट पाओ

**ओबेदुल्लागंज ।** नगर के समीप टोल नाके के पास स्तिथ निशिता पेट्रोल पम्प संचालक रश्मि सेंगर ने मतदाता को जागरूक करते हुए पूर्ण मतदान कराने के संकल्प के लिए एक नई पहल की अपने पेट्रोल पंप पर बोर्ड लगाकर मतदान कर निशान दिखाओ और पेट्रोल वा सीएनजी में एक रुपए लीटर की छूट पाओ इस अवसर पर बीपीसीएल के अधिकारी गौरव कौशिक, राम कुमार, आशीष श्रीवास्तव ने पेट्रोल टैंक संचालक की भूरी भूरी प्रशंसा की वही नागरिकों ने भी बताया कि इस पेट्रोल टैंक संचालक द्वारा कई आयोजन किया जाता है जिसका क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ दूर दराज से आने जाने लोगों को भी फायदा होता है इस संबंध में निशिता पेट्रोल पंप विशन खेड़ा की संचालक रश्मि सेंगर ने बताया की मतदान के दिन जो भी व्यक्ति मतदान का निशान दिखाएगा उसे 1 रुपए लीटर पेट्रोल और सी एनजी में छूट दी जाएगी। इस छूट का उद्देश लोगो को अधिक से अधिक मतदान करवाना के लिए प्रेरित करना हे। निशिता पेट्रोल संचालिका रश्मि सेंगर

## नगर परिषद ने रैली निकाल कर किया मतदाताओं को जागरुक



**ओबेदुल्लागंज।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान करने हेतु एसडीएम मनीष शर्मा गोहरगंज के निर्देश अनुसार , नगर परिषद की सीएमओ सोनाली शर्मा , बीआरसी सतीश कुशवाहा ओ॰गंज , जनपद पंचायत ओ॰गंज सीईओ युक्ति शर्मा एवं समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा सामूहिक रुप से रैली निकालकर एवं शपथ दिलाकर मतदाताओ को जागरुक किया गया । नगर में मुख्य मार्ग पर जागरुकता अभियान में समस्त मतदताओ से विनम्र आग्रह किया गया है कि दिनांक 7/5/2024 को अधिक से अधिक संख्या में जाकर मतदान अवश्य करें , और अपने मत का सदुपयोग करें , जागरुकता अभियान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे कर्मचारी अधिकारीयों में विनोद जैन , इन्जिनियर मुकेश जैन , कैलाश मालवीय , राजकुमार शर्मा , प्रमोद तिवारी , प्रमोद कुमार पांडेय , विनोद यादव , सुशील चतुर्वेदी , कन्हैया धुर्वे , आशीष यादव , बृजकिशोर यादव , जितेंद्र सिरसवाल , हरिशंकर , मोहनलाल नागर , मुकेश वर्मा , दीपेश वैरागी , सुरेश मालवीय , संजय बाजपेयी , चंद्रभान जैन , ऋतिक खरे , महेश मीणा , प्रियंका झरिया , दीक्षा पटेल , रेखा बामन , कृष्णा शर्मा , खनिज खान , सनी अग्रवाल , रजनीश दुबे , उमेश चंदेल , कीर्तिराम कुशवाहा , पवन निरापुरे , प्रीतम गौर आदि सहित समस्त बीएलओ कर्मचारी मुख्य रुप से उपस्थित रहै ।

## आशीष माहेश्वरी बने नपा में नेता प्रतिपक्ष



विदिशा। नगर पालिका परिषद विदिशा वार्ड नंबर 17 पार्षद आशीष माहेश्वरी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, लोकसभा के प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की मंशानुसार नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने दी।

## पुलिस द्वारा की गई काम्बिग गस्त में 12 स्थाई और 4 गिरफ्तारी वारंटी किए गए तामील

**विदिशा।** सोमवार को सिविल लाइन थाना टीआई शाहबाज खान ने बताया कि एसपी के निर्देश के बाद स्थाई और गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने के लिए कांबिंग गस्त की जाए। रात में की गई इस कांबिंग गस्त में पांच टीमे थाना स्तर से बनाई गई थी, जिन्हें मंडीदीप, नटेरन, बैरसिया, भोपाल और अन्य जगहों पर भेजा गया। जिसमें 12 स्थाई वारंटी और 4 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए गए है। उन्होंने बताया कि इसमें कई ऐसे अपराधी हैं, जिनके खिलाफ वारंट सालों पहले जारी किए गए थे और वह लंबे समय से फरार चल रहे थे। काफी मेहनत के बाद 16 अपराधियों की धर पकड़ की गई है, जिन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## 31 जुलाई तक निजी नलकूप खनन प्रतिबंधित




मंडला--जिला कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा 31 जुलाई 2024 तक निजी तथा अशासकीय नलकूप खनन प्रतिबंधित कर दिया गया है। जारी आदेश में मण्डला जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेंगी अथवा नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास कर रही मशीनों को जप्त कर पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा।आदेश में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित्त अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

## भगवान श्री परशुराम का प्राकट्य महोत्सव 10 मई को

**सिवनी-** जिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में, भगवान विष्णु के षष्ठम् अवतार, भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव आयोजन की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न समितियां का गठन करके कार्य विभाजन का दायित्व एवं प्रभार सोंपा गया। जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में, विगत दिवस समाज की जिलाबैठक संपन्न हुई। भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव समारोह आगामी 10 मई ,के संबंध में बैठक में व्यापक विचार विमर्श के पश्चात, कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिए गए कि, वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया तदनुसार 10 मई शुक्रवार को, नंदीकेश्वर धाम बरघाट रोड सिवनी में ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाराज श्री द्वारा प्रतिष्ठित श्री माता त्रिपुर सुंदरी तथा भगवान श्री परशुराम के सिद्ध मंदिर में प्रातः 9ः00 बजे से आचार्य पंडित सोनू महाराज के आचार्यत्व में ,विधि विधान से अभिषेक ,पूजन, अर्चन, विग्रह श्रृंगार, प्रारंभ होगा। जिसमें समस्त श्रद्धालूजन सपरिवार पुण्य अर्जित करने हेतु सादर आमंत्रित हैं।

# राजा अगर झूठ बोले तो देश के लिए अच्छा नहीं औौर राजा धोखा दे तो आने वाली नस्लों के भविष्य के लिए अच्छा नहीं : पवन खेड़ा

### मोदी जी ने 10 साल सत्ता में रहकर देश के लिए क्या किया, इसका रिपोर्ट कार्ड देश के सामने लाना चाहिए, हमारा न्याय पत्र पढ़े बगैर इस तरह देश का राजा (मोदी) झूठ बोल रहा है, उसे शोभा नहीं






सागर/ देश में होने जा रहे लोकसभा के ये चुनाव बहुत ही रोचक हो गये हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी पहले 2 घंटे सोते थे, अब 6 घंटे सोते हैं और तीसरा चरण हो जाए तो 24 घंटे जागेंगे। मोदी जी आप 10 साल सत्ता में रहे देश के लिए आपने क्या किया, इसका रिपोर्ट कार्ड देश के सामने लाना चाहिए। मोदी जी महंगाई, बरोजगारी, महिला अत्याचार, किसानों की दुर्दशा जैसे तमाम इन सवालों का जवाब नहीं देंगे।

यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया एवं पब्लिकेशन विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। सागर लोकसभा चुनाव की पूर्व बेला में मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ जिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण के अध्यक्ष द्वय डॉ आनंद अहिरवार तथा राजकुमार पचौरी, प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता प्रदेश प्रवक्ता अवनीश बुंदेला पार्टी के लोकसभा प्रभारी तथा निवाड़ी विधायक नितेंद्र सिंह राठौर, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, डॉ संदीप सबलोक, संभागीय मीडिया कोऑर्डिनेटर अभिषेक गौर तथा शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी व अवधेश तोमर भी पत्रकार वार्ता में शामिल हुए।

श्री पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधे तौर पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी देश में नए विवाद पैदा करने की कोशिश करते हैं। मोदी राज में 10 साल में अभी तक जो हुआ है, आपके सामने है, मोदी जी उसका जवाब नहीं देंगे। देश की स्थिति भयावह हैं, इस देश में हर एक घंटे में दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं, आंकड़ा संसद के पटल पर रखा गया, एक दिन में तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं, देश में 1 घंटे में चार बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, यानि 24 घंटे में 100 बलात्कार की घटनाएं। इस देश का प्रधानमंत्री इन तमाम बातों पर कोई बात नहीं करता।

उन्होंने मोदी जी से सवाल उठाया देश की जनता ने 10 साल तक आपकी गारंटी पर विश्वास किया है, मोदी जी कहते थे 40 साल का रिकार्ड टूटेगा, मोदी जी ने रिकार्ड जरूर तोड़ा 10 साल में बेरोजगारी बढ़ी है, देश में लाखों पद खाली हैं, रोजगार के लिये युवा भटक रहा है। बीते 5 सालों में ऐसी बीमारी हमारे सामने आई जिसका नाम है पेपर लीक की बीमारी, जिससे होनहार बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ।

श्री खेड़ा ने कहा कि मोदी जी मंगलसूत्र के बारे में कहते हैं, बच्चों के एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी करने में मंगलसूत्र बिकते हैं, कोविड के दौरान मंगलसूत्र बिकते हैं, बीमारी में मंगलसूत्र बिकते हैं। मोदी जी को मंगलसूत्र के बारे में बात करना शोभा नहीं देता। हमारा न्याय पत्र पढ़े बगैर ही इस तरह देश का राजा झूठ बोल रहा है उसे यह शोभा नहीं देता, इतना ही नहीं देश के कोने-कोने में जाकर झूठ बोला जा रहा है। मोदी जी मुसलमान की बात करते हैं, जबकि हमारे न्याय पत्र में मुसलमान शब्द का उपयोग कहीं नहीं किया गया है। मोदी जी ने इन 10 सालों में केवल झूठ की गारंटी देश की जनता को दी है। मोदी जी इसलिए परेशान है कि उन्होंने 10 साल में जो किया वह बताने के लिए उनके पास कोई जबाव नहीं है। इसलिए मोदी जी झूठ पर झूठ बोल रहे हैं।

श्री खेड़ा ने कहा कि हमारे न्याय पत्र को बनाने के लिए वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी पहली पदयात्रा के दौरान 4000 किलोमीटर पैदल चले और उसके बाद 6500 किलोमीटर की दूसरी यात्रा की, कुल 11000 किलोमीटर चलकर लोगों से संवाद करके सबसे बातचीत करके कांग्रेस का न्याय पत्र तैयार किया गया है। जिसका जवाब मोदी जी के पास हो ही नहीं सकता। हमने अपने न्याय पत्र में देश के नौजवानों को 1 लाख पद भरने की गारंटी दी है, हमने पक्की नौकरी देने की गारंटी दी।

श्री खेड़ा ने कहा कि अमित शाह जी कहते हैं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अमेठी से डर गए, मोदी जी और अमित शाह जी 4 किलोमीटर भी चल कर दिखाएं राहुल गांधी जी 11000 किलोमीटर गर्मी में सर्दी और बरसात में चले।

श्री खेड़ा ने कहा कि भाजपा के पास मुद्दे क्या हैं, क्या यह मुद्दे हैं मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुसलमान, पाकिस्तान, इन मुद्दों से आखिर देश पर क्या असर पड़ता है। आज बेरोजगारी का असर हमारे घरों पर है, जिसका असर हर वर्ग को झेलना पढ़ रहा है, वह आपके सामने है, महिलाओं को घर के बाहर निकलने पर जो झेलना पड़ रहा है वह आपके सामने है। राहुल गांधी जी और खरगे जी ने इस चुनाव को मुद्दों पर लेकर आ गए। मोदी जी और अमित शाह हमारे न्याय पत्र का प्रचार कर रहे हैं उसके लिए हम उन्हें साधुवाद देते हैं, मोदी जी ने घर-घर में हमारे न्याय पत्र को चर्चा का विषय बना दिया है, इतनी बौखलाहट है मोदी जी में। हमारे न्याय पत्र में हमने एमएसपी कानून की बात की, हमने 30 लाख पदों को भरने की बात की, हमने युवाओं को नौकरी की बात की, हर महिला को 100000 सालाना देने की बात की, आप लोग हमारा हमारा न्याय पत्र पढ़ियेगा, मोदी जी 10 साल तक राहुल गांधी की माला जपते रहे, राहुल गांधी ने आज यह किया, आज वह किया, इस तरह का कार्य सरकारों का नहीं होता जिस तरह का काम मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में किया है।

अमित शाह जी गांधीनगर से लड़ रहे हैं, वहां पर 16 उम्मीदवारों से जबरदस्ती नाम वापसी करवाई गई, आदिवासी, ओबीसी वर्ग के कैंडिडेट को बैठाया गया। जीतने वाली सीटों पर अगर यह ऐसा कर सकते हैं तो हारने वाली सीट पर यह क्या कर सकते हैं, यह सोचने वाली बात है। भाजपा के नेता एक के बाद एक नेता, संघ के वरिष्ठ लोग लगातार कहते हैं कि आरक्षण खत्म कर देंगे। संविधान की प्रतियां जलाते उनके फोटो, उनके कार्यकर्ताओं द्वारा दिखाया गया। क्या संविधान और बाबा साहब के विषय में इनका यह सम्मान है। भाजपा कहती है 400 सीटें जीतकर संविधान को बदल देंगे, 400 पार का मतलब है कि देश में राष्ट्रपति प्रणाली होना चाहिए। भाजपा संविधान को बदलना चाहती है, आपके और मेरे अधिकार को खत्म करना चाहती है। इस देश में पत्रकारिता आज मुश्किल हो गई है, व्यक्ति का हर काम मुश्किल हो गया है, यह स्थिति देश में आ चुकी है इसलिए इसे रोकना जरूरी है।

मध्य प्रदेश में इतने सालों से भाजपा का शासन है, कितने उद्योग खुले और कितने बंद हुए भाजपा एक भी सवाल का जवाब नहीं दे सकती। तमाम ऐसे उदाहरण हम आपको दे सकते हैं और चुनौती देते हैं भाजपा के किसी भी नेता को कि हमारे किसी भी नेता के सामने आकर बैठ करें, इन मुद्दों पर आकर बहस करें। लोगों के जमीन पर से जुड़े मुद्दे हैं बेरोजगारी के मुद्दे हैं, महिलाओं से जुड़े हुए मुद्दे हैं, किसानों से जुड़े हुए मुद्दे हैं, मध्यम वर्ग से जुड़े हुए मुद्दे हैं, व्यवसाईयों से जुड़े हुए मुद्दे हैं, कोई एक वर्ग बता दीजिए जो संतुष्ट हो भाजपा से। इतना जरूर हैं कि भाजपा के हर जिले में सेविन स्टार कार्यालय बन गए हैं।

जब वैक्सीन लगाया तो आपकी फोटो नहीं थी, मोदी जी की फोटो थी, अब आज जाकर वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने बताया है कि हां इसके साइड इफेक्ट है, 52 करोड़ का चंदा वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से मोदी जी ने लिया है, सिप्ला कंपनी से कितना चंदा लिया आप कल्पना नहीं कर सकते। पता नहीं इस कंपनी ने पीएम केयर फंड को कितना पैसा दिया। इस 10 साल में कितना पैसा जुटाया, कैसे अपने उद्योगपति मित्रों पर लुटाया गया हमारी और आपकी जान पर खेल कर लुटाया गया। कोविड के दौरान हमने अपनी जान गवायी, गंगा मैया में कितनी लाश है तैर रही थी आज तक इन्होंने इसका हिसाब नहीं दिया। मैं 15 राज्यों से होकर आज 16 वे राज्य में आया हूं चारों तरफ बीजेपी के प्रति गुस्सा है। राजा झूठ बोले तो देश के लिए अच्छा नहीं, राजा धोखा दे तो आने वाली नस्लों के लिए अच्छा नहीं, आपके और मेरे अधिकार खत्म होने वाले हैं।

पत्रकार वार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता बुंदेल सिंह बुंदेला भूपेंद्र सिंह मुहासा शैलेंद्र तोमर डॉ अंकलेश्वर दुबे, शिवशंकर तिवारी, राकेश राय आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने चलाया ट्रैक्टर

**विदिशा।** आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता को अपना वोट डालने प्रेरित करने प्रशासन द्वारा विदिशा जिले में अनेक गतिविधियों की जा रही हैं इसी के चलते विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने एक रैली में ट्रैक्टर चलाकर किसानों को प्रभावित करते हुए मतदान करने का आव्हान किया




मतदाता जागरूकता के तहत विदिशा जिले में विशेष गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है इसी के तहत शनिवार को जिले के लाखों किसानो व उनके परिजनों तक मतदान करने का न्यौता दिया गया है। इस प्रकार के आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी तहसील व कस्बो में आयोजित किए गए ।

विदिशा जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर रैली का शुभांरभ नवीन कृषि उपज मंडी से शुरू होकर सागर पुलिया, बंटीनगर, खरीफाटक फ्लाईओवर होते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी में सम्पन्न हुई ।

जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट भी अपने आपको रोक नहीं पाए। उन्होंने भी रैली में ट्रैक्टर चलाया और बाजू में कलेक्टर श्री वैद्य को बैठाया। सम्पूर्ण रास्ते में मतदाता जागरूकता पर आधारित स्लोगनो के नारे लगाए वहीं रैली में शामिल नागरिकों ने तख्तियां दिखाकर मतदान करने का संदेश दिया । किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि इस रैली में 104 ट्रैक्टर शामिल हुए। इस आयोजन में एसडीएम क्षितिज शर्मा के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी, कृषि उपज मंडी, कृषि विभाग समेत अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी व किसान शामिल हुए।

## कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दानवीर डॉ हरिसिंह गौर की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

सागर/ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया एवं पब्लिकेशन विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन खेड़ा ने अपने सागर प्रवास के दौरान विश्वविद्यालय पहुंचकर महान दानवीर डॉ सर हरिसिंह गौर की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा सागर में ज्ञान का दीप प्रज्वलित करने पर कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की समाधि पर भी नमन किया।

इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ग्रामीण अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता प्रदेश प्रवक्ता अवनीश सिंह बुंदेला डॉ संदीप सबलोक भूपेंद्र मुहासा अभिषेक गौर अवधेश तोमर डॉ अंकलेश्वर दुबे शैलेंद्र तोमर शाहरुख खान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने संपूर्ण विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय भवन का अवलोकन किया व विवि को डॉ गौर की अद्भुत कृति निरूपित किया। उन्होंने डॉ गौर की इस विरासत को समाज व राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि मोदी सरकार की शह पर भर्ती, नियुक्ति व निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार, घोटालों, प्रशासन की मनमानी व तानाशाही रवैया के चलते शिक्षा के



गिरते स्तर के कारण इसकी चमक फीकी हो रही है। उन्होंने कहा कि डॉ गौर की भावनाओं के अनुरूप शिक्षा के इस मंदिर के गौरव को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है।

## हर बूथ पर भाजपा को लीड दिलानें के लिए जुट जायें कार्यकर्ता: हेमंत खण्डेलवाल

### किसान युवाओं महिलाओं की तरक्की निश्चित आठ ग्रामों में ली बैठकें किया जनसम्पर्क

**बैतूल।** बैतूल विधायक एवं प्रदेश लोकसभा चुनाव संयोजक हेमंत खण्डेलवाल नें रविवार को आठ ग्रामों में तूफानी दौरा कर चुनाव प्रबंधन को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठकें लेनें के साथ ही जनसम्पर्क कर एक बार फिर मोदी सरकार बनानें के लिए मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी डी.डी. उइके को भारी मतों से जितानें की अपील की।



श्री खण्डेलवाल नें रविवार को सातनेर पांडोल आठनेर,एनखेड़ा, धनोरा , जवारा,सांवगी, एवं गुनखेड ग्रामों का दौरा कर लोकसभा चुनाव और मतदान प्रबंधन को लेकर संगठन पदाधिकारियों,और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होनें कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ पर भाजपा को लीड दिलवानें के लिए जुट जायें। नगर,गांव,मजरे,टोलों में मतदाताओं की बैठक लेकर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की उपलिब्यों से अवगत कराकर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करनें कि लिए प्रेरित करें। बैतूल विधायक नें आठनेर नगर और सातनेर ग्रामों में सघन जनसम्पर्क कर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करनें की अपील की। उन्होनें मतदाताओं सहित कार्यकर्ताओं से कहा कि जन-जन को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करानें के साथ ही किसानों,युवाओं और महिलाओं की तरक्की के लिए बैतूल जिले में कृषि आधारित उद्योग खुलवायें जायेगें। जिससे किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम मिलेगा और जिले के युवाओं को स्किलडव्हलपमेंट का प्रशिक्षण दिलवाया जायेगा ताकि उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकें। स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा।

## अभाविप की विकसित भारत रथ यात्रा का हुआ समापन

**विदिशा।** अभाविप की 19 दिवसीय विकसित भारत रथ यात्रा का विदिशा नगर में समापन हुआ। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु शालिनी वर्मा ने बताया कि यह विकसित भारत रथ यात्रा 17 अप्रैल को शुरू हुई थी जो गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, हांसुआ, अहमदपुर, सलामतपुर विदिशा जिले के साथ-साथ रायसेन, गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी, मंडीदीप, अब्दुल्लागंज होते हुए पुनः विदिशा नगर में पहुंची। जहां इस यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा के माध्यम से अभाविप के कार्यकर्ताओं ने चौक चौराहे, परिसर गांव तक जाकर पत्रक भेंट किए और शत प्रतिशत मतदान हेतु आग्रह किया। यात्रा के अंतिम दिन शालिनी ने यह भी कहा कि यदि विकसित भारत की बात करना तानाशाही है तो हां हम तानाशाह हैं। यदि देश की संस्कृति, राष्ट्र सुरक्षा, महिला सम्मान की बात करना उनके लिए लड़ना है तानाशाही है तो हां हम तानाशाही करने वाले लोग है। यदि भारत में लव जिहाद जैसे मुद्दे पर स्पष्ट बात करना तानाशाही है तो हां हम तानाशाही करने वाले लोग हैं। विदेश में बैठकर भारत की प्रगति से जलने वाले यूटूबर को भारत के प्रत्येक युवा का केवल एक ही जवाब है, बढ़ता समृद्ध-विकसित भारत में देश का प्रत्येक युवा जयतु भारत के साथ।

## विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय मण्डला में रक्तदान शिविर कार्यक्रम सम्पन्न



मण्डला--मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मान. एस.के. जोशी के निर्देशन में एवं श्री प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला के मार्गदर्शन में ब्लड बैंको में खून की कमी के कारण जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त नहीं मिल पाने की परिस्थितियों पर विचार करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय, मण्डला द्वारा 04 मई 2024 को समय 10.30 बजे से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय मण्डला में रक्तदान शिविर का आयोजन माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा रिबिन कटिंग की जाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में कार्यालय प्रमुख असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री आशीष आनंद पाण्डे द्वारा रक्तदान किया जाकर रक्तदान कार्यक्रम का आरंभ किया गया, उसके पश्चात् न्यायालयीन कर्मचारीगणों सहित कुल 09 व्यक्तियों द्वारा बारी-बारी से रक्तदान कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया।

09 युनिट रक्तदान किया जाकर इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया गया

श्री प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला ने आमजनों को रक्तदान के लिए जागरूक करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार म.प्र.में ब्लड बैंकों में रक्त की कर्मी को दृष्टिगत रखते किया गया ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। उन्होंने रक्तदान की आवश्यकता के संबंध में बताते हुए लोगों से अनुरोध किया कि वे स्वयं एवं अपने निकट संबंधियों को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करे ताकि आवश्यकता होने पर किसी भी मरीज को रक्त उपलब्ध हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय व्यापार मंडल ने अपनी नई कार्यकारणी की घोषणा की




भोपाल। भारतीय व्यापार मंडल दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष योगेश गुप्ता एवं प्रदेश प्रवक्ता आनंद सोनी की अनुशंसा पर भारतीय व्यापार मंडल में अमित अग्रवाल को प्रदेश सचिव एवं सुनील गुप्ता को प्रदेश संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है उनकी इस नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी

### एआईएमए ने पेश किया एमएटी 2.0

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन भारत में मैनेजमेंट के लिए सर्वोच्च संगठन है। यह संगठन भारत में मैनेजमेंट स्किल और क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग, सरकार, शिक्षा जगत और छात्रों के साथ मिलकर काम करता है ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट, एमबीए और पीजीडीएम प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है जो भारत भर के 600 से ज्यादा प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए अवसर प्रदान करती है। मई 2024 से एआईएमए एमएटी 2.0 की शुरुआत कर रहा है। एमएटी 2.0, एमएटी का एक विकसित संस्करण है, यह वर्तमान बिजनेस और इकोनॉमिक ट्रेंड जैसे नए सेगमेंट्स को कवर करता है। एमएटी 2.0 एक नए जमाने की प्रवेश परीक्षा है जो समकालीन इंडस्ट्री प्रैक्टिस और बढ़ती शैक्षिक आवश्यकताओं से मेल खाते हुए मैनेजमेंट एजुकेशन पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती है।एमएटी 2.0 में किए गए बदलावों में एग्जाम स्ट्रक्चर, विषय-वस्तु पर ध्यान और अवधि सहित विभिन्न पहलू शामिल हैं। बदलावों में एक सुव्यवस्थित परीक्षा संरचना शामिल है जिसमें 120 मिनट के भीतर 150 प्रश्नों को हल करना होता है, जिससे कैंडीडेट को ज्यादा केंद्रित और कुशल परीक्षा अनुभव मिलता है। एमएटी परीक्षा पेपर आधारित टेस्ट, कंप्यूटर आधारित टेस्ट और इंटरनेट आधारित टेस्ट में आयोजित की जाती है। एमएटी कैंडिडेट को उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप सबसे उपयुक्त परीक्षा मोड चुनने में सुविधा प्रदान करता है। भोपाल के लिए एमएटी 2024 का शेड्यूलः एमएटी मई 2024 के लिए उम्मीदवारों का पंजीकरण जारी है।

### कलर्स ने 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी। दर्शकों के लिए कुकिंग की गड़बड़ियों से सजा हुआ लाफ्टर से भरा प्लैटर परोसा जाएगा, जिससे उन्हें और भी ज्यादा लाफ्टर की भूख लगेगी! कलर्स ने अपने नवीनतम शो, 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की घोषणा की है। फुल मनोरंजन की गारंटी देते हुए, यह नया शो आपके पसंदीदा टीवी कलाकारों को रीयूनाइट करता है, जो दर्शकों को डिनर के समय अपनी मज़ेदार केमिस्ट्री, हरकतों, और दिलचस्प बातों से अपने जीवन के बारे में बातें बताएंगे। रेसिपीज़ के कुलिनरी सफर से आगे बढ़ते हुए, यह पेशकश परिवार के लिए मनोरंजन की दावत है, जहां 13 लोकप्रिय सितारे बेस्ट कहानियां बनाएंगे, भले ही वे बेस्ट शेफ न हों। किचन के नौसिखियों से लेकर कुकिंग के शौकीनों तक, ये सेलिब्रिटीज़ लाफ्टर का स्वाद बढ़ाते हुए अनोखे स्वाद पेश करेंगे। मेज़बान की भूमिका में शो की कमान संभालने वाली कोई और नहीं बल्कि खुद कॉमेडी क्वीन भारती सिंह हैं। अपनी हाज़िरजवाबी और सेंस ऑफ ह्यूमर के साथ, वह यह सुनिश्चित करेंगी कि लाफ्टर की रेसिपी में हंसी के नमक की कमी न हो, और शुरू से अंत तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हो। सितारों से सजी कास्ट में शामिल होने वाले हैं, सेलिब्रिटी शेफ कोच - हरपाल सिंह सोखी, जो किचन की गड़बड़ के दौरान अपनी विशेषज्ञता देंगे। इस अजीबोगरीब किचन में कृष्णा अभिषेक - कश्मीरा शाह, विक्की जैन - अंकिता लोखंडे, राहुल वैद्य - एली गोनी, रीम समीर शेख - जन्नत ज़ुबैर, करण कुंद्रा - अर्जुन बिजलानी, और सुदेश लहरी - निया शर्मा जैसे फैंस के पसंदीदा सेलेब्रिटी शामिल होंगे।

# तनिष्क की आधुनिक आभूषणों की शानदार पेशकश ग्लैमडेज़



मुंबई, एजेंसी। अक्षय तृतीया का पवित्र पर्व नज़दीक आ रहा है। इस अवसर पर भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा, तनिष्क ने प्रस्तुत की है रोज़ाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की शानदार और बहु उपयोगी रेन्ज - ग्लैमडेज़, जिसे दुनिया भर के डिज़ाइन्स से प्रेरित होकर बनाया गया है। शान और आधुनिक फैशन की खूबसूरती को साथ मिलाकर बनाए गए ग्लैमडेज़ के आभूषण आपकी रोज़ाना स्टाइल को और भी बढ़ाएंगे और हर महिला के वार्डरोब में एक बहुमूल्य एडिशन बनेंगे। इसमें 10000 से ज़्यादा अनोखे डिज़ाइन्स को शामिल किया गया है।

वैश्विक स्तर के कई अलग-अलग डिज़ाइन्स से प्रेरित होकर बनाए गए ग्लैमडेज़ में हर दिन की सुंदरता को रोज़ाना पहनने के स्टाइलिश फिर भी बहु उपयोगी आभूषणों के साथ परिभाषित किया गया है। हर दिन सुबह से लेकर रात तक आप इन आभूषणों को बहुत ही आसानी से पहन सकती हो। नाजुक खूबसूरती को दर्शाते हुए फ्लोरल पेंडंट, बोल्ड फिर भी रिफाइंड गोल्ड हूप्स, हर दौर में सभी की पसंद इन्फिनिटी रिंग्स या खूबसूरत गोल्ड ब्रेसलेट हो, ग्लैमडेज़ में सोने और हीरों से बने रोज़ाना पहनने के आभूषणों की आधुनिक रेन्ज शामिल है। दिन भर के सोफिस्टिकेशन को शाम के ग्लैमर में बहुत ही आसानी से बदलने का जादू इन आभूषणों में है। हर दिन एक नया, खूबसूरत लूक बनाया जा सकें इसके लिए कई अलग-अलग स्टाइल्स को इसमें शामिल किया गया है। अपने उपभोक्ताओं की खुशियों को और भी सुनहरा करने के लिए तनिष्क ने सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी है। साथ ही तनिष्क में गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम का भी लाभ उठाया जा सकता है, जिसमें भारत के किसी भी ज्वेलर से ख़रीदे हुए पुराने सोने पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज मूल्य दिया जाता है। सोने की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है, अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तनिष्क ने गोल्ड रेट प्रोटेक्शन प्रस्तुत किया है, जिसमें उपभोक्ता एडवांस में बुक करके, सोने की कीमतों में हो रही वृद्धि से बच सकते हैं। इन ऑफर्स का लाभ सिर्फ सीमित अवधि तक ही उठाया जा सकता है। इस रेन्ज का हर एक आभूषण आज की महिलाओं की भागदौड़ से भरी, व्यस्त जीवनशैली के अनुरूप बहुत ही सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है। आभूषणों की इस विशाल रेन्ज को 18 और 22 कैरेट सोने में बनाया गया है। दुनिया भर के डिज़ाइन्स से ली गयी प्रेरणा और अनोखे टेक्निक्स का इस्तेमाल करके बनाए गए ग्लैमडेज़ के आभूषण रोज़ाना के लूक के लिए बेहतरीन और बहु उपयोगी साथी बनेंगे। पॉलिश्ड प्रोफेशनल लूक, परिवार के साथ डिनर या घर पर ही बितायी जाने वाली छुट्टी हो।

## नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो - द लाफ्टर कंटीन्यूज़!



मुंबई। द ग्रेट इंडियन कपिल शो ने देश भर के दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखा है क्योंकि यह अपने मौजूदा 13-एपिसोड सीज़न के साथ आगे बढ़ रहा है, जबकि 7 और एपिसोड अभी सामने आने बाकी हैं। शो के साप्ताहिक एपिसोड का अनूठा प्रारूप दर्शकों को हर एपिसोड में मशहूर हस्तियों का उत्सुकता से इंतजार कराने का वादा करता है। आगामी एपिसोड में सेलिब्रिटी मेहमानों की एक रोमांचक लाइनअप शामिल होने वाली है, जिसमें अत्यधिक चर्चित और संजय लीला भंसाली की ओटीटी पर पहली परियोजना - हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार (जो हाल ही में रिलीज़ हुई थी और दर्शकों द्वारा पसंद की गई है) के कलाकार भी शामिल हैं। और अंतर्राष्ट्रीय संगीत सनसनी एड शीरन। सितारों से सजी ऐसी उपस्थिति के साथ, प्रशंसक मनोरंजन और अविस्मरणीय क्षणों से कम कुछ भी उम्मीद नहीं कर सकते हैं। पिक्चर अभी बाकी है - द ग्रेट इंडियन कपिल शो मजबूत चल रहा है और सप्ताह दर सप्ताह दर्शकों का मनोरंजन करता रहेगा।

## आर्थिक वृद्धि के लिए आरएंडडी निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए: मेहता



मुंबई, एजेंसी। हाल ही में अपने एक ट्वीट में एथर एनर्जी के सीईओ, तरुण मेहता ने भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट (आरएंडडी) में निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्यमियों को भारत में एक मिलियन इंजीनियर्स के आरएंडडी का लक्ष्य बनाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने चीन की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, बीवायडी द्वारा आरएंडडी में किए गए बड़े निवेश और इसमें इंजीनियर्स की बढ़ती हुई टीम के बारे में भी बताया। मेहता ने कहा कि टेक्नोलॉजिकल प्रगति में चीन की सफलता, खासकर इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में, आरएंडडी में किए गए भारी निवेश के कारण संभव हुई है। उन्होंने बताया कि बीवायडी के पास अब चीन के बाहर संपूर्ण ऑटो उद्योग के मुकाबले ज्यादा बड़ी आरएंडडी टीम है, जिससे उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता लाने के लिए आरएंडडी की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा, ''आरएंडडी टीम का आकार एक लाख लोगों तक पहुँच रहा है, जिनमें से 20 से 30 हजार इंजीनियरों की भर्ती पिछले साल ही की गई है! उनका लगभग 10 प्रतिशत राजस्व आरएंडडी पर खर्च किया जाता है, तब भी, जब यह वार्षिक राजस्व में 40 से 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर हो।''एक्स पर उन्होंने लिखा, ''आज हम जिस जनसांख्यिकीय लाभ की स्थिति में हैं, उसमें तेजी से ऊपर उठने के लिए हमारी नीति को आरएंडडी पर केंद्रित किया जाना जरूरी है। याद रखें, सप्लायर्स वहीं आकर सुविधाएं स्थापित करते हैं, जहाँ ऑटो निर्माता उत्पादन करते हैं। ऑटो निर्माता वहाँ उत्पादन करते हैं, जहाँ उनके नए उत्पाद का विकास (एनपीडी) होता है। और नए उत्पाद का विकास वहाँ होता है, जहाँ पर इंजीनियर होते हैं।

## मुकेश अंबानी ने एक झटके में गंवा दिए 19,177 करोड़



नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारी उतारचढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में तेजी के साथ शेयर बाजार रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मामला बदल गया। आखिरकार बीएसई सेंसेक्स 732.96 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी दो फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। कंपनी का शेयर 2.17 प्रतिशत गिरावट के साथ 2868.50 रुपये पर बंद हुआ। इससे रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में काफी गिरावट देखने को मिली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक शुक्रवार को अंबानी की नेटवर्थ में 2.3 अरब डॉलर यानी करीब 19,177 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसके साथ ही अंबानी की नेटवर्थ 111 अरब डॉलर रह गई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। अंबानी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 14.3 अरब डॉलर की तेजी आई।

इस बीच अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे को छोड़कर सभी टॉप 10 रईसों की नेटवर्थ में शुक्रवार को तेजी रही। दुनिया के सबसे बड़े रईस फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 4.60 अरब डॉलर की तेजी आई। इस उछाल के साथ ही उनकी नेटवर्थ 218 अरब डॉलर पहुंच गई। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर काबिज ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में 1.52 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और यह 208 अरब डॉलर पहुंच गई। एलन मस्क की नेटवर्थ में 75.9 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह 192 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने शुक्रवार को 3.55 अरब डॉलर की कमाई की। इस साल उनकी नेटवर्थ में 32.8 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में-** दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स 149 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। गूगल के फाउंडर लैरी पेज (149 अरब डॉलर) छठे, सर्गेई ब्रिन (141 अरब डॉलर) सातवें, स्टीव बाल्मर (141 अरब डॉलर) आठवें, वॉरेन बफे (132 अरब डॉलर) नौवें और लैरी एलिसन (130 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 61.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। वह 98.5 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 14वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 14.2 अरब डॉलर की तेजी आई है।

## भूटानी इंफ्रा का नया चैप्टर शुरू हुआ

BHUTANI® INFRA

भोपाल। रियल्टी सेक्टर के दिग्गज, भूटानी ग्रुप ने भोपाल में अपने नए ऑफिस का अनावरण किया. मध्य प्रदेश में अपने ऑपरेशन को एक्सपैंड करने के उद्देश्य से यह यह निर्णय लिया गया है. इस माइलस्टोन को सेलिब्रेट करने के लिए, भूटानी ग्रुप ने भोपाल के प्रतिष्ठित ताज लेकफ्रंट होटल में इन्वेस्टर्स और पार्टनर्स की एक बैठक आयोजित की। इस कार्यक्रम में इंडस्ट्री पार्टनर, स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 400 सम्मानित लोगों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य स्मूथ रिलेशनशिप डेवेलोप करना और फ्यूचर प्लान्स डिसकस करना था.

भूटानी ग्रुप के सीईओ आशीष भूटानी ने कहा, हम पूरे भारत में न्यू रियल एस्टेट सलूशन प्रदान करने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, भोपाल में अपनी उपस्थिति स्थापित करके प्रसन्न हैं। यह आयोजन सार्थक संबंधों को बढ़ावा देने और इस जीवंत बाजार में नए अवसरों की खोज करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।मीट और ग्रीट कार्यक्रम में नेटवर्किंग सेशन और आगामी प्रोजेक्ट्स पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया गया। भूटानी ग्रुप इस क्षेत्र में स्थायी साझेदारी बनाने और निवेशकों और भागीदारों के योगदान के लिए तत्पर है। भूटानी ग्रुप अपने नए × हाई क्वालिटी कमर्शियल व रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है। शहरी स्थानों को फिर से परिभाषित करने की प्रतिबद्धता के साथ स्थापित, भूटानी इंफ्रा ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स बनाने में माहिर है जो आधुनिक डिजाइन के साथ कार्यक्षमता को जोड़ती है। उनकी परियोजनाएं विश्व स्तरीय सुविधाओं, टिकाऊ सुविधाओं और रणनीतिक स्थानों का दावा करती हैं, जो व्यवसायों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करती हैं। पोर्टफोलियो में कमर्शियल रियल एस्टेट में मानक स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित विकास और आवासीय परियोजनाओं में विलासिता का प्रतीक शामिल है। गुणवत्ता, पारदर्शिता और ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान देने के साथ, भूटानी इंफ्रा भारतीय व्यापार बुनियादी ढांचे के परिदृश्य को आकार दे रहा है, जिससे उद्योग में विकास और प्रगति हो रही है।

## गैजप्रॉम को 24 साल में पहली बार हुआ घाटा




नई दिल्ली, एजेंसी। रूस की सरकारी गैस कंपनी गैजप्रॉम को पिछले साल यानी 2023 में 6.9 अरब डॉलर का जबर्दस्त घाटा हुआ। देश की सबसे पावरफुल सरकारी कंपनियों में से एक गैजप्रॉम को 24 साल में पहली बार घाटे का सामना करना पड़ा है। यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण यूरोप को गैस की बिक्री प्रभावित हुई है। इस कारण कंपनी का घाटा हुआ है। 2022 में कंपनी को 13.1 अरब डॉलर का नेट प्रॉफिट हुआ था। कंपनी को इससे पहले साल 1999 में घाटा हुआ था। राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के करीबी एलेक्सी मिलर ने साल 2001 में इस कंपनी की कमान संभाली थी। इसका मुख्यालय सेंट पीटर्सबर्ग में है।

रूस से गैस एक्सपोर्ट में कभी यूरोप सबसे बड़ा मार्केट हुआ करता था लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण यह बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। इससे गैजप्रॉम के बिजनस पर भी काफी असर हुआ है। रॉयटर्स के मुताबिक पिछले साल यूरोप को गैजप्रॉम की नेचुरल गैस सप्लाई 55.6 फीसदी गिरकर 28.3 बिलियन क्यूबिक मीटर रह गई। हालांकि गैजप्रॉम ने 2023 की शुरुआत से अपने एक्सपोर्ट के आंकड़े पब्लिश नहीं किए हैं। रॉयटर्स की कैलकुलेशन के हिसाब से 2023 में कंपनी का एबिटा गिरकर 6.7 अरब डॉलर रह गया जो 2022 में 30.4 अरब डॉलर था। जानकारों का कहना है कि गैजप्रॉम के लिए यह पिछले 22 साल में सबसे खराब एबिटा है।

# बिरला कॉर्प ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की

कोलकाता एजेंसी। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में अपनी मजबूत ग्रोथ को जारी रखा और मार्च तिमाही में बिक्री और शुद्ध लाभ में अच्छी खासी बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। वित्तवर्ष के अंत में कंपनी ने सभी पैमानों पर सफलता हासिल की है। वहीं रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री के साथ ही कंपनी के ओवरऑल प्रदर्शन को भी बेहतर किया है। ये सभी सफलताएं बाजार में असामान्य रूप से कमजोर हालात के बावजूद हासिल की गई हैं। मुकुटबन यूनिट में लगातार वृद्धि के बाद, कंपनी के सीमेंट डिवीजन ने मार्च तिमाही के लिए 97 प्रतिशत की क्षमता उपयोग हासिल किया - जो एक और बड़ी उपलब्धि है। मार्च तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड (समेकित) शुद्ध लाभ, 193 करोड़ रुपये, साल-दर-साल 127.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, क्योंकि बिजली और ईंधन की लागत मध्यम बनी हुई है। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड आय 2,682 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि से 6.8 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि मार्च तिमाही में सीमेंट से प्राप्त होने वाली आय तीव्र दबाव में आ गई और साल-दर-साल 1.6 प्रतिशत गिरकर 5,178 रुपये प्रति टन रह गई। कंपनी चेयरमैन श्री हर्ष वर्धन लोढ़ा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिरला कॉर्पोरेशन का प्रदर्शन संचालन के सभी क्षेत्रों में प्रदर्शन में चौतरफा सुधार का परिणाम है। कंपनी द्वारा दी गई गाइडेंस से पहले, कंपनी के फंक्शनल वर्टिकल्स में क्षमता निर्माण में लगातार निवेश किया गया और इससे मुकुटबन यूनिट का काम तेजी से हुआ और वहां पर अच्छे परिणाम मिले। बिरला कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड ने गुरुवार, 2 मई 2024 को दो साल के भीतर अपनी कुंदनगंज यूनिट की क्षमता 1.4 मिलियन टन बढ़ाने के लिए 425 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित निवेश का एक तिहाई आंतरिक स्रोतों से आएगा। जैसे-जैसे भारत में सीमेंट की खपत बढ़ती जा रही है, बिरला कॉर्पोरेशन वित्त वर्ष 2026-27 तक सीमेंट उत्पादन को 25 मिलियन टन तक बढ़ाने के लक्ष्य के साथ क्षमता वृद्धि का अपना अगला चरण शुरू कर रहा है। कंपनी के प्रमुख भौगोलिक कार्यक्षेत्रों में विधानसभा चुनावों जैसे कई कारकों और अन्य व्यवधानों के कारण पिछली दो तिमाहियों में सीमेंट की कीमतें कमजोर रहीं। पिछले वर्षों के रुझानों को विपरीत, मार्च तिमाही में मांग असाधारण रूप से कमजोर थी, जिसने प्रमुख कंपनियों को कीमतें नीचे लाने के लिए मजबूर किया।

फिर भी, सीमेंट उत्पादकों ने कम इनपुट लागत के कारण वॉल्यूम बढ़ाना जारी रखा। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के अनुसार, खपत में अनुमानित 11 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद सीमेंट की कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। क्रिसिल के अनुसार बिजली और ईंधन की लागत में तेज गिरावट, जो आम तौर पर कुल उत्पादन लागत का 25-30 प्रतिशत होती है, ने सीमेंट इंडस्ट्री को वित्त वर्ष 2023-24 में बदलाव लाने में मदद की है।

## 681 यात्री बिना टिकट मिले, लगभग 2.67 लाख का जुर्माना



इंदौर। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर सभी टिकटधारी यात्रियों को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मेल और एक्सप्रेस के साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं।

इस क्रम में 4 मई को पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट मनीष अनुरागी एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक आलोक चतुर्वेदी की उपस्थिति में मक?सी स्टेशन पर स्पेशल टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें 14 से अधिक ट्रेनों में यात्रियों की जांच के दौरान 681 बिना टिकट यात्रियों से 2 लाख 66 हजार 975 रुपए का राजस्व वसूल किया गया। इस टिकट जांच अभियान में 17 टिकट चेकिंग स्टाफ, 1 स्केल मैन एवं 7 रेलवे सुरक्षा बल के जवान शामिल हुए। टिकट जांच अभियान के दौरान यात्रियों को उचित टिकट के साथ सम्मान पूर्वक यात्रा करने के साथ स्टेशन परिसर और ट्रेनों में गंदगी न करने के बारे में भी जागरूक किया गया।

## संदीप रघवुशी एवं अजय चौरे अशोक नगर में कर रहे भाजपा का प्रचार



छिंदवाड़ा। भाजपा नेता संदीप रघुवंशी, सौंसर के पूर्व विधाकय अजय चौरे इन दिनों अशोकर नगर में ज्योतिरादित्य सिंधिया के चुनाव प्रचार में लगे हुये है। नेता द्वय विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में धुआंधार प्रचार एवं जनसम्पर्क में लगे।

## सिरफिरे युवक ने पुलिस को छकाया

### खुद को किया घायल, ऑटो से कूदा

छिंदवाड़ा। कुंडीपूरा थाना के वार्ड क्रमांक 20 माल धक्का के पास रविवार सुबह एक युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। दरअसल सिरफिरे युवक ने खुद को बुरी तरह जख्मी कर लिया था, शराब के नशे में युवक ने चहरे एवं पैरों में ब्लेड मार ली थी। ऐसे में पुलिस एवं एंबुलेंस युवक को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाने के लिए घण्टो मशक्कत करती रही। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो युवक को पहले ऑटो में बिठाकर जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन युवक ऑटो से कूदकर अपने घर पर जाकर छिप गया। जहां पुलिस ने उसे मनाकर अस्पताल लेकर पहुँची है। बता दें कि युवक इससे पहले भी कई बार इस प्रकार की घटना को अंजाम दे चुका है।

## आर्यिका 105 ज्ञेयश्री माताजी के 42वा अवतरण दिवस

### शांति विधान और भक्तांबर अनुष्ठान का आयोजन



अमरवाड़ा। सेलू परभणी महाराष्ट्र में छिंदवाड़ा चौरई नक्की नगर गौरव पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी के 13वा गणिनी पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में एवम सुशिष्य प.पूज्य वात्सल्यनिधि जिनधर्म प्रभाविका श्रमणी आर्यिका 105 ज्ञेयश्री माताजी के 42वा अवतरण दिवस मनाया जहां मंदिर में श्री शान्तिविधान एवं भक्तामर अनुष्ठान श्री 1008 नेमिनाथ दिगम्बर जैन सेलू (महाराष्ट्र) मंदिर में भावपूर्वक मनाया गया। इसके पूर्व परम.पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी का चित्र अनावरण,दिप प्रजवलन, प.पूज्य वात्सल्यनिधि गुरुमा ज्ञेयश्री माताजी का पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेट, वस्त्र भेट, गुरुमा विज्ञाश्री माताजी की पूजन ,गुरुमा का प्रवचन के सथ सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुई वही नई पिछी माताजी को समर्पित की गई जिसमें निर्देशन वाले ब्रह्मचारी काजल दीदी का विशेष सहयोग रहा और आयोजक देवेंद्र काला, अक्षय जमबुरे श्वेता विनायक शोभा ललित विनायक वंदना काला संगीता गंगवाल संध्या डवनारे पुष्प काला सहित सकल दिगंबर जैन समाज का विशेष सहयोग रहा।

## कोल इंडिया पेंशनर की बैठक कल

छिन्दवाड़ा। कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा छिन्दवाड़ा की बैठक दिनांक 07 मई मंगलवार 12 बजे से मध्यप्रदेश पेंशनर्स सदन में शुक्ला ग्राउण्ड के पास ,परशुराम वाटिका के सामने रखी गई है। संघ की ओर से अध्यक्ष पी.आर. डेहरिया एवं एच.एस.राजपूत कोषाध्यक्ष, जे.टी.वर्मा उपाध्यक्ष, एन.पी.मिश्रा उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री सुन्दरलाल पवार एवं अब्दुल वहीद, प्रकाश मेंहगिया एवं सदस्यगण ने शिवपुरी एवं न्यूटन चिखली एवं जिले के सभी कोयला के पेंशनरों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें।

## विद्युत मण्डल के 86 नंबर पेंशनरों की रिट याचिका उच्च न्यायालय द्वारा पारित

छिंदवाड़ा। सचिव एस.जी. माकड़े द्वारा बताया कि विद्युत मण्डल से सेवानिवृत्त ऐसे पेंशनर जो 30 जून अथवा 31 दिसबर को सेवानिवृत्त हुये थे, तथा जिन्हे वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिला था, उन 86 नंबर पेंशनरों की रिट याचिका क्रमांक 6182/2024 विद्युत मंडल पेंशनर समाज की ओर से उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर की गई थी, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 16 अप्रैल 2024 को पेंशनरों के पक्ष में निर्णय पारित किया गया। इससे इन सभी पेंशनरों को वार्षिक वेतन वृद्धि सहित समस्त सेवानिवृत्ति हितलाभ पुनरीक्षित कर उसका एरियर्स का भुगतान भी मिलेगा। संगठन द्वारा समस्त स्वीकृतकर्ता अधिकारियों को उक्त रिट याचिका संपूर्ण दस्तावेजों एवं सूची सहित उनके ई-मेल पर प्रेषित कर दी गई है। संबंधित पेंशनर कृपया अपना आवेदन जिसके साथ न्यायालयीन आदेश, पी.पी.ओ., पेंशन आदेश की प्रति लगाकर अपने स्वीकृतिकर्ता अधिकारी को प्रेषित करें।

## बैठक व्यवस्था न होने से समय पर नहीं हुआ था प्रशिक्षण प्रारंभ

दमोह. शासकीय हाईस्कूल/ हॉयर सेकेण्डरी विद्यालय में रूक जाना नहीं योजना में अध्यापन हेतु शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए रविवार को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा वि. में जिले के शासकीय हाईस्कूल/हॉयर सेकेण्डरी विद्यालयों में कार्यरत् नियमित विषयवार अध्ययापन कराने वाले शिक्षकों को विषय विशेषज्ञो द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु दोपहर दो से पांच बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण जिला स्तरीय विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया। परंतु बैठक व्यवस्था का पहले से इंतजाम न होने के कारण दोपहर दो बजे से शुरू होने वाले प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकांश शिक्षक करीब तीन बजे तक परिसर में यहां से वहां भटकते रहे।जिले के विभिन्न स्थानों से आए सैकड़ों शिक्षक धूप में परेशान भी दिखाई दिए जनकारी लेते रहे कि किस रूम में जाना है पर प्रबंधन को स्वयं ही नहीं मालूम था,इसलिए आनन फानन में शिक्षकों का स्थान परिवर्तित करते रहे। जिसमें करीब एक घंटे का समय बर्बाद हुआ।

# आतंकी हमले में छिंदवाड़ा के जवान विक्की पहाड़े शहीद

### सैनिक सम्मान के साथ आज दी जाएगी अंतिम विदाई, 2011 में एयरफोर्स में हुए थे भर्ती





छिंदवाड़ा। जम्मू कश्मीर के पुंछ में एयरफोर्स के जवानों पर हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा के विक्की पहाड़े शहीद हो गए वे नोनिया करबल के रहने वाले हैं। श्री पहाड़े अपने 5 वर्ष के बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए 7 जून को छिंदवाड़ा आने वाले थे। 10 दिन पहले ही छोटी बहन की गोद भराई की रस्म थी इसके लिए एक महिने की छुट्टी लेकर आए थे और 18 अप्रैल को ही वे छिंदवाड़ा से ड्यूटी पर लौटे थे। शहादत की खबर लगते ही परिवार के मां और पत्नि का रो रो कर बुरा हाल है। जिले के बेटे के शहीद होने की खबर पर भी जिले भर से लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया याद करते हुए श्रद्धांजलि देते रहे।

33 साल के विक्की पहाड़े ने 2011 में एयरफोर्स जॉइन की थी परिवार में मां दुलारी, पत्नि रीना और 5 साल का बेटा हार्दिक है। पिता दिमाकचंद का निधन हो चुका है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। वंदना टांडेकर पति सीताराम टांडेकर उनसे छोटी विनीता महोबे पति संदीप महोबे, सबसे छोटी बबीता पति अनादी प्रसाद मिनटे हैं। बताया जाता है कि शहीद की पार्थिव देह को उधमपुर जम्मू कश्मीर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां से विशेष विमान के जरिए पार्थिव देह नागपुर लाई जा रही है। नागपुर से सोमवार सुबह तक पार्थिव देह विशेष वाहन से छिंदवाड़ा लाई जाएगी। गृहग्राम राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### हमले के बाद जवानों को अस्पताल लाया गया

जवानों पर हमला पुंछ शाहसितार इलाके में शनिवार को शाम 6 बजकर 15 मिनट पर हुआ 4 आंतकियों ने सुरक्षाबलों की दो गाड़ियों पर फायरिंग की इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था हमले के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए उनके हाथ में एके असॉल्ट राइफल्स थी। हमले में पांच जवान शहीद हुए थे जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान छिंदवाड़ा के विक्की पहाड़े शहीद हो गए एक जवान की हालत गंभीर है।

### नकुल-कमलनाथ ने वीर शहीद को दी विनम्र श्रद्धांजलि

देश भक्ति की दिल में अलख जगाकर मातृभूमि की रक्षा के लिये अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले देश के अमर जवान कॉरपोरल विक्की पहाड़े को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व छिन्दवाड़ा सांसद नकुलनाथ ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। छिन्दवाड़ा की माटी के लाल की शहादत पर नमन करते हुये नेताद्वय ने कहा कि पूरे देश को अपने अमर बलिदानी बेटे विक्की पहाड़े के शौर्य व पराक्रम पर गर्व है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि गत चार मई को जम्मू कश्मीर के पुंछजिले के सुरनकोट इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हुये आतंकी हमले में छिन्दवाड़ा जिले के सपूत विक्की पहाड़े की भी शहादत हुई है। आतंकी हमले में वायुसेना के पांच जवान घायल हुये थे जिन्हें तत्काल सेना के हेलीकॉप्टर से उधमपुर आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान देर रात वीर जवान विक्की पहाड़े वीरगति को प्राप्त हुये।

## 12 दिवसीय भरतनाट्यम कार्यशाला 1 जून से



छिंदवाड़ा। राष्ट्रीय भरतनाट्यम नृत्य संस्था कला क्षेत्र चेन्नई से पारंगत छिंदवाड़ा के भरतनाट्यम नृत्य गुरु अमित डोले द्वारा एक भव्य भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला स्थानीय जवाहर कन्या हाई स्कूल जेल बगीचा के सामने छिंदवाड़ा में 1 जून से 12 जून 2024 तक आयोजित की जा रही। यह वर्कशॉप दो स्तरों, बिगनर्स और एडवांस बैच में विभाजित है। इस वर्कशॉप में महिलाओं के लिए एक स्पेशल बैच रखा गया है जिसके अंतर्गत उन्हें बॉडी कंडीशनिंग की एक्सरसाइज एवं (रामचंद्र कृपालु भजमन) भजन पर नृत्य सिखाया जाएगा 7 भरतनाट्यम नृत्य के साथ नृत्य का मूल सिद्धांत, संगीत का बुनियादी ज्ञान, ताल का बुनियादी ज्ञान तथा नृत्य से जुड़ी पौराणिक कथा और मंदिरों का बुनियादी ज्ञान के साथ-साथ डांस से पहले और बाद में वार्म-अप, वार्म-डाउन और फ्लैक्सिबिलिटी एक्सरसाइज का सही तरीका सिखाया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। भरतनाट्यम सीखने के इच्छुक प्रतिभागी इस अवसर का लाभ उठाने हेतु तत्काल कार्यशाला हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करावें। रजिस्ट्रेशन हेतु, अमित डोले, मैडम फैशन शॉप बुधवारी बाज़ार, दिनेश भट्ट के घर न्यू पहाड़ी कॉलोनी महाराजा टेंट हाउस के पीछे गुलाबरा गली नंबर 18 छिंदवाड़ा में संपर्क करें। मोबाइल नंबर 8109356837 एवं 9131238487 पर संपर्क करें।

## मेडीको लीगल विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया



छिंदवाड़ा। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री की पहल पर पुलिस कन्ट्रोल रूम में डॉ. डी.एस. बड़कुर पूर्व डायरेकटर मेडीकोलीगल भोपाल द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी की उपस्थिति में मेडीकोलीगल केस संबंधी विषयों जैसे अपराध की प्रकृति, चोट, वाहन दुर्घटनाओं, हत्या, आत्महत्या के घटना स्थल कार्रवाई, यौन उत्पीड़न आदि में चोटों के प्रकार एवं मृत्यु के कारण के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालाकों से 16200 रूपये वसूला



छिंदवाड़ा। नियमों के उलघंनकर्ता वाहन चालको के विरूद्ध हेलमेट एवं सीट बेल्ट शीर्ष में प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी यातायात छिंदवाड़ा द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढावा देना था। हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 54 समन शुल्क 16200 रूपये वसूले गये। बेल्ट न बांधने वाले चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 26 समन शुल्क 13000 रूपये वसूले की गई।

## आवारा पशु बने मुख्य मार्ग के शोभा की सुपारी

### राहगीरों को हो रही परेशानी धमा चौकड़ी की



अमरवाड़ा। आवारा पशुओं की धमा चौकड़ी से शहर वासी खासे परेशान है यह शहर की पुरानी एवं बड़ी समस्या है इस समस्या से निजात पाने हेतु लंबे समय से संबंधित विभाग एवं नगर पालिका से मांग की जाती रही है लेकिन समस्या जस की तस है, बल्कि बढ़ती ही जा रही है। हालांकि नगरपालिका ने इस संबंध में प्रयास भी किए थे ,जो नकाफी साबित हुए द्य मुख्य मार्ग के अलावा शहर की गलियों में ये आवारा मवेशी झुंड बनाकर बेखौफ घूमते हैं। लगभग 100 की संख्या से अधिक की तादाद में बस स्टैंड पर इनका जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में हादसे का भय बना रहता है द्य. ,

### हादसे का बना रहता है भय

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व पार्षद पति को आवारा पशुओं ने घायल कर दिया था जिन्हें वार्ड वासियों ने बड़ी ही मशक्कत के बाद बचाया था एवं सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गंभीर स्थिति होने पर जिला अस्पताल पहुंचाया गया था द्य हादसे की जगह से थोड़ा सा आगे एक स्कूल है जहां आवारा पशुओं से स्कूली बच्चों को बड़ा नुकसान हो सकता है द्य

### हाट-बाजार बस स्टैंड में घुसकर नुकसान पहुंचते हैं आवारा पशु

स्कूली बच्चे, महिला व वृद्ध कई बार रास्ता बदलकर निकलते हैं। मुख्य मार्ग के अलावा बस स्टैंड नई आबादी एवं समस्त वार्डों सहित गलियों में ये बेधड़क झुंड के साथ घूमते हैं। बुधवार इतवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजार में भी ये घुसकर नुकसान पहुंचाते हैं। जब इन्हें भगाने का प्रयास किया जाता है, तो मारने दौड़ते हैं।आवारा पशुओं की वजह से कई बार लोग चोटिल हुए हैं।

### पशुपालक पशुओं को छोड़ देते

शहर में घूमने वाले कई पशुओं के मालिक भी होते है। जिन्हें सुबह पशु मालिक छोड़ देते है। दिनभर और रात में शहर में पशु खुले रूप से घूमते रहते है। बाद में को वापस पशु मालिक उन्हें घर ले जाते फिर छोड़ देते हैं निरंतर यही प्रक्रिया चलती रहती है

## कलेक्टर ने शहर के पुरैना तालाब, राजनगर, फुटेरा तालाब सहित अन्य तालाबों का लिया जायजा



दमोह -कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज सुबह 6-00 बजे से दमोह शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित तालाबों यथा राजनगर तालाब, बेलाताल, दीवान जी की तलैया, पुरेना तालाब, फुटेरा तालाब आदि का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने कहा हम तालाबों के संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य योजना बनाकर जल्द काम शुरू करेंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया तालाबों के निरीक्षण का उद्देश्य यह है कि मैं यहां की जानकारी प्राप्त करूं, यहां की भौगोलिक स्थिति और सारी चीजों के बारे में पता करूं और साथ में इसके संरक्षण को लेकर हम अभी गर्मियों के समय में क्या कर सकते हैं ताकि बारिश में उसका पूरा लाभ शहर की जनता को प्राप्त हो और तालाबों को कैसे सुरक्षित और संरक्षित बनाया जा सके, उन्होंने कहा सभी तालाब शहर की धरोहर हैं। यह बने रहें, खुर्द-बुर्द ना हो, संरक्षित रहे यह हमारा कर्तव्य है और इसलिए हमने सभी जगह का निरीक्षण किया और यहां की प्रमुख चुनौतियों और समस्याओं को चिन्हित किया, यहां के स्थानीय निवासियों से भी चर्चा हुई उन्होंने भी कई बाते बताई है। उन्होंने कहा हम एक-एक करके इन पर काम करना शुरू करेंगे। कलेक्टर ने कहा कल से हमारा काम शुरू हो जाएगा और इसमें जनता से भी अपील करूंगा कि वे आगे आकर हिस्सा लें, जन भागीदारी की जहां पर बात आएगी वहां पर जनता से सहयोग मांगेंगे और इसमें जनता के यादि कोई सुझाव हो, तो वह भी हम निरंतर लेंगे, ताकि इनको हम सुरक्षित और संरक्षित करने का काम समय सीमा में कर सकें।

## ड्रोन स्प्रेयर द्वारा फसलों पर दवा के छिड़काव का किया गया प्रदर्शन



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशानुसार आज ग्राम लिंगा में कृषक श्री सीताराम राउत के खेत में मूंग क्लस्टर फसल प्रदर्शन के अंतर्गत लगभग 01 हेक्टेयर रकबे में मूंग फसल पर ड्रोन स्प्रेयर द्वारा कीटनाशक दवा एवं जैविक कल्चर का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर भोपाल के श्री जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहखेड़ डी.एस.घागरे, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती मधु बेन, एनएफएसएम एवं जिला परामार्शदाता चेतन कावले, एटीएम आत्मा श्री पंकज पराड़कर, एईओ हजारी प्रसाद धुर्वे व संदीप धारपुरे एवं अन्य कृषकगण उपस्थित थे। कृषि अधिकारियों द्वारा कृषकों को ड्रोन स्प्रेयर के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया और ड्रोन स्प्रेयर के उपयोग की सलाह दी गई। इसके बाद कृषि अधिकारियों का अमला ग्राम ईकलबिहरी पहुंचा और किशक श्री अन्नु कोहले के खेत में बोई गई फसल मूंग क्लस्टर प्रदर्शन का अवलोकन कर कृषक को सन्तुलित मात्रा में उर्वरक एवं कीटनाशक दवा का उपयोग करने की सलाह दी गई। अधिकारियों द्वारा उपस्थित अन्य कृषकों को भी कृषि संबंधी महत्वपूर्ण सलाह दी गई।

## पूर्व विधायक विठ्ठल राव महाले के निधन

### नकुल-कमलनाथ ने दुख व्यक्त किया

#### भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

छिन्दवाड़ा। जिले की सौंसर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठतम कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक विठ्ठल राव महाले बापू जी के निधन पर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया। मध्यप्रदेश की दसवीं विधानसभा के सदस्य पूर्व विधायक विठ्ठल राव महाले के निधन पर शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुये नेताद्वय ने कहा कि महाले का निधन राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति है जिसकी कभी पूर्ति नहीं की जा सकती।

पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि छिन्दवाड़ा जिले की सौंसर विधानसभा के पूर्व विधायक श्री महाले का निधन स्तब्ध करने वाला है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सौंसर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिये सतत कार्य किया है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री महाले हमेशा से मेरे करीबी और पारिवारिक रिश्ते रहे हैं। वे बेहद ईमानदार और अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर नेता के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे। नेताद्वय ने परिजनों एवं समर्थकों को यह असीम दुख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की साथ ही दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने प्रार्थना की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक श्री महाले को अंतिम विदाई देने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे सहित सौंसर व पांढुर्ना जिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में पहुंचे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही कांग्रेस परिवार की ओर से भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## गर्मियों में ताजा भोजन एवं ज्यादा पानी पीयें: तिवारी

### गर्मियों में स्वास्थ के प्रति रखे अपना ख्याल :श्री जैन

### गर्मियों में कैसे अच्छी सेहत कैसे रखे दिया विषय विशेषज्ञों ने टिप्स



छिंदवाड़ा। गर्मियों में अपने स्वास्थ का ध्यान रखने जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने जन अभियान परिषद के माध्यम से सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंटो को संचालित क्लास आई पी एस कॉलेज छिंदवाड़ा में रविवार को स्वास्थ जागरूकता पर मार्गदर्शन दिए इस अवसर पर परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी,श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू सहित सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट उपस्थित थे।श्री जैन ने कहा की इन दिनों गर्मी के मौसम में अपना खान पान संतुलित रखे पानी ज्यादा पिए बासा खाने से बचे।इस अवसर पर परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा की गर्मियों में अक्सर लोगो को पानी की कमी के कारण अनेकों रोग घेर लेते है ऐसी खुली खाद्य सामग्री को खाने से बचना चाहिए ।साथ धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर चले जिससे सीधे गर्मी आपके शरीर में न पहुंचे आवश्यक हो तभी धूप में निकले अन्यथा धूप कम होने का इंतजार करें ।गर्मी के मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान रहना चाहिए तली चीजों से भी बचना चाहिए जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रह पाए। इस अवसर पर सभी स्टूडेंट्स को जल संरक्षण के उपाय भी बताए गए साथ ही कैसे अपनी दैनिक दिनचर्या में जल संरक्षण किया जा सकता है इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए परामर्शदाता श्रीमती लता नागले श्रीमती तृप्ति सिंह,ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में जन अभियान परिषद के जिला समन्वय अखिलेश जैन ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। स्वास्थ जागरूकता एवम जल संरक्षण विषय पर बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने भी जल संरक्षण पर चर्चा करते हुए अपने अपने स्तर पर जल संरक्षण के प्रयास किए जाने की बात कही। डाक्टर महेश बंदेवार ने भी स्वास्थ जागरूकता पर रखी अपनी बात।

## नीट परीक्षा में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों के अभिभावकों सहित पुलिस कर्मियों को कराया जलपान

### मानव सेवा की मिशाल बनी सर्वोदय अहिंसा



छिंदवाड़ा। भीषण गर्मी के बीच रविवार 5 मई को छिंदवाड़ा सहित पूरे प्रदेश एवं देश के हजारों सेंटरों पर लाखों विद्यार्थियों ने चिकित्सक बनने के लिए मेडिकल कालेज में प्रवेश हेतु नीट की परीक्षा दी।

इसी क्रम में छिंदवाड़ा में अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी सहित कुल 14 सेंटरों पर लगभग 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा दी।नागपुर रोड स्थित सेंटरों पर परीक्षा देने आए विद्यार्थियों के सभी अभिभावकों एवं सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के मीडिया प्रभारी समाज सेवी दीपक राज जैन के साथ गौरव जैन, यशराज जैन ने जलपान के साथ स्वल्पाहार कराकर मानव सेवा की मिशाल पेश की।श्री जैन के निवेदन पर निर्मल पब्लिक स्कूल के संचालक डॉक्टर वाय. एस. सिसोदिया ने अपना स्कूल अभिभावकों के विश्राम हेतु उपलब्ध कराया, इन सभी अभिभावकों को जैन युवा फेडरेशन एवं सर्वोदय अहिंसा ने जलपान के साथ विष्किट के पैकेट का वितरण कर शुभकामनाएं दी।

भीषण गर्मी में किए गए इस सेवा कार्य की सभी अभिभावकों, पुलिस कर्मियों, शिक्षा जगत सहित छिंदवाड़ा वासियों ने दिल खोल कर सराहना की और सर्वोदय अहिंसा एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के सेवा भावी सदस्यों को शुभाशीष देकर उनके कार्य की सराहना कर अनुकरणीय पहल का समर्थन किया। सभी अभिभावकों ने जनमानस से समय समय पर ऐसे मानव सेवा कार्य के आयोजन करने का अनुनय भी किया।

### जलपात्रों का भी किया वितरण

भीषण गर्मी को देखते हुए अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन विगत 40 वर्षो से सर्वोदय अहिंसा अभियान चलाकर पक्षियों के लिए जलपात्रों का वितरण कर रहा हैं इसी क्रम में दीपक राज जैन द्वारा नगर के विभिन्न चिकित्सकों सहित शिक्षकों को भी जलपात्र भेंट कर उसमे दाना पानी रखने की अपील की।

# मतदान प्रजातंत्र का सम्मान

## प्रजातंत्र के पर्व में बड़ चढ़ कर हिस्सा लें प्रजातंत्र में नागरिकों के पास 'वोट'



**गोपाल कृष्ण छिब्बर**

सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार है जनता के बहुमत से ही सरकार बनती है अच्छे सांसद होंगे तो क्षेत्र का विकास होगा परंतु इसके लिए मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिकतम संख्या में निकलना होगा मतदान करना प्रजातंत्र का सम्मान करना है जो मतदान करते हे उन्हे ही सरकार पर सवाल उठाने का अधिकार हैं अभी दो चरणों में जो मतदान हुवा है वह निराशाजनक है

लेकिन आगे होने वाले चरणों में मतदान प्रतिशत बड़ेगा यह आशा की जानी चाहिएं। हालांकि चुनाव आयोग अच्छे प्रयास कर रहा है परंतु मतदाताओं के स्वयं और स्वेच्छा से बड़चड़कर मतदान करना चाहिए तथा अन्य लोगो को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। भोपाल में ही कई संस्थाओं और संगठनों ने मतदान बड़ाने और मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षण इनामी योजनाओं की घोषणा की है जो स्वागतयोग्य कदम है मतदान से जनमत का पता चलता हैं जो सत्ता के पक्ष का हो सकता है सत्ता के विपक्ष में हो सकता है और अब नोटा का भी विकल्प है इसलिए मतदान स्वेच्छा से अवश्य करना चाहिएं।

राजनैतिक दलों को भी योग्य , निष्ठावान और देश के लिए समर्पित लोगों को टिकट देना चाहिए यदि अपराधिक एवम भ्रष्ट छबि के नेताओ को टिकट दिया जाता है तो मतदाता की रूचि भंग हो जाती है मतदाता को जब अच्छा विकल्प दिखता है तो वह मतदान जरुर करता हैं ।

आजकल मतदाता राजनैतिक दल के नेतृत्व को भी देखता है देश के भविष्य को भी देखता है आशावादी मतदाता मतदान अवश्य करता है परंतु निराशावादी न मतदान करता हैं न ही मतदान के लिए लोगो को प्रोत्साहित करता है यह भी शर्मनाक है की शहरी क्षेत्रों के शिक्षित मतदाताओं का मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहता है जो कि चिंता का विषय हैं।

यह भी विचारणीय है कि क्या मतदान देने से ही अपने अधिकार की पूर्ती हो जाती है नागरिकों को अपने सांसद चुनने की पश्चात उस पर नज़र रखनी चाहिए अपने क्षेत्र की समस्या और विकास पर निरंतर सवाल करते रहना चाहिए आजकल सोशल मिडिया इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकता है सामाजिक संगठनों ओर एनजीओ की भूमिका भी जनप्रतिनिधियों पर नजर रखने में महत्वपूर्ण होती हैं वे सूचना के अधिकार का प्रयोग कर विकास योजनाओ की राशी उनके उपयोग और प्रगति की जानकारी लेकर

भ्रष्टाचार पर नियंत्रण किया जा सकता है वही कार्य शीघ्र हो दबाव बनाया जा सकता है इसलिए जागरूक मतदाता ही जनतंत्र को मजबूत और सफल बना सकता है इसलिए केवल मतदान ही न करे अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास करे और श्रेष्ठ उम्मीदवार को चुने।

### मतदान न करना जनतंत्र का अपमान है

यह ने सोचे की एक मत से क्या फर्क पड़ता है एक एक मत कीमती है इससे बहुत फर्क पड़ता है आजकल ईवीएम से मतदान में कोई समय नहीं लगता चुनाव आयोग ने जगह जगह मतदान केंद्र स्थापित किए हैं जिससे दूरी भी कम हो गई है हरेक मतदाता का मत बहुमूल्य है

# धीरेंद्र शास्त्री इंदौर से चार्टेड प्लेन से नागपुर जाकर संघ प्रमुख से मिले, इंदौर में अधिकारियों और बड़े घरानों के घर गए





बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की इंदौर में सात दिनी भागवत कथा 4 मई को समाप्त हो गई। वह 28 अप्रैल से 4 मई तक सात दिन इंदौर में रहे। कथा शाम को हर दिन थी, लेकिन इस दौरान सुबह से शाम का और फिर देर रात के समय का उपयोग बागेशवर धाम ने इंदौर के पॉवरफुल और बड़े कॉर्पोरेट घरानों से मिलने में बिताया। सबसे अहम बात रही उनका नागपुर जाना।

**कब गए थे बाबा नागपुर और क्यों?**- बाबा बागेश्वर एक मई को चार्टेड प्लेन के जरिए इंदौर से नागपुर सुबह गए थे और शाम को कथा से पहले लौट आए थे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने वहां संघ प्रमुख मोहन भागवत से सौजन्य भेंट की और उनके साथ लंबा समय बिताया। चुनाव के बीच उनकी यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है लेकिन बताया जा रहा है कि मुलाकात में चर्चा सनातन धर्म प्रचार, राष्ट्वाद व अन्य वैचारिक मुददों पर केंद्रित रही।

**इंदौर में रेसीडेंसी एरिया में अधिकारियों से मुलाकात**- इंदौर में बाबा बीच में रात को रेसीडेंसी एरिया जो शहर के आला अधिकारियों का आवासीय एरिया है,वहां भी गए। यहां उन्होंने शहर के कुछ प्रमुख अधिकारियों के घर में जाकर भेंट की और परिवार के साथ मुलाकात की।

**सीएम से लेकर कॉर्पोरेट घरानों से भी मुलाकात**- सीएम डॉ. मोहन यादव जब इंदौर आए तो उन्होंने भी बाबा बागेश्वर से खास मुलाकात की। वहीं कथा के अंतिम दिन वह नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर भी गए और सभी से सौजन्य भेंट की। इसके साथ ही बाबा ने इंदौर में विनोद अग्रवाल हो या अन्य बड़े कॉर्पोरेट घराने के लोग, उनके यहां भी जाकर मुलाकात की। बाबा बागेश्वर हाईकोर्ट से जुड़े कुछ बड़े लोगों से भी मिले और आशीर्वाद दिया।

# कांग्रेस को जिताने के लिए कमरा बैठकों का दौर

## प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने किया आह्वान कार्यकर्ता मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें



**भोपाल।** भोपाल लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने आखिरी दौर में पूरी ताकत झोंक दी है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही सीहोर तथा बैरसिया में दर्जनों स्थानों पर कार्यकर्ताओं की कमरा बैठकों का दौर तेज हो गया है। इधर कार्यकर्ताओं ने मैदान में मोर्चा सम्हाल लिया है और घर-घर दस्तक देने का क्रम तेज कर दिया है।

भोपाल में नया इतिहास लिखने के लिए तैयार कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव को जिताने के लिए कमरा बैठकों और घर-घर जनसंपर्क हो रहा है। प्रत्याशी ने आज दोपहर तक आधा दर्जन से अधिक बैठकों में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं की सक्रियता के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमने अभी तक जितनी मेहनत की है, बस ये आखिरी खंदक की लड़ाई है। हमें थकना नहीं है। और अधिक ऊर्जा के साथ लोगों से मिलें, उन्हें अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें। कांग्रेस इस बार देश में इतिहास बदलने जा रही है। यह सब आप लोगों के दम पर ही होगा।

दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, मध्य क्षेत्र में विधायक आरिफ मसूद, उत्तर क्षेत्र में विधायक आतिफ अकील, गोविंदपुरा में रविंद्र साहू, गोविंद गोयल कमरा बैठकें ले रहे हैं। इसके अलावा बैरसिया, हुजूर और सीहोर में भी कार्यकर्ताओं की बैठकें चल रही हैं। शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, जिला ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी पटेल, वरिष्ठ नेता जहीर अहमद, दीपचंद यादव, जोधाराम गुर्जर, सीहोर में राजीव गुजराती और पूर्व विधायक रमेश सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी कार्यकर्ताओं की बैठकें ले रहे हैं। मतदाताओं के पास पर्चियां पहुंचाने का काम पूरा हो चुका है। अब कार्यकर्ताओं से कहा जा रहा है कि वे आज रात तक अपने-अपने बूथ के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर जाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने को कहें। कल सुबह सबसे पहले अपना वोट डालना है, इसके बाद फिर लोगों को अधिक वोटिंग के लिए प्रेरित करना है। लोगों को घर से निकालने का काम करना है।

# अंतरराष्ट्रीय नो डाइट डे

आजकल ज्यादातर लोग बड़े हुए वजन या फिर तमाम तरीके की बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए अधिकतर डाइट पर ही रहते हैं. अपनी डाइट में ढेर सारे रिस्ट्रिक्शंस कई बार बोरिंग हो जाते हैं. ऐसे में हर साल 6 मई को अंतरराष्ट्रीय नो डाइट डे मनाया जाता है. ये दिन उनके लिए बेहद खास होता है जो हमेशा स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो करते हैं और अपने खान पान को लेकर डिसिप्लिन में रहते हैं. इस दिन लोग डाइट में अपने नियमों को तोड़ कर अपने पसंद की कोई भी चीज बिना गिल्ट के खाते हैं. देखा जाए तो इसे नो डाइट डे या फिर चीट डे भी कहा जा सकता है. ऐसा करके इस दिन लोग खुद के प्रति अपना प्यार का इजहार करते हैं.




### क्यों मनाया जाता है नो डाइट डे

खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से लगातार मोटापा एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है. लोग समय से पहले मोटापे का शिकार हो रहे हैं और यही मोटापा तमाम तरह की बीमारियों का घर बन रहा है. ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, हार्ट से लेकर जोड़ो तक के दर्द की बीमारी की वजह मोटापा बन चुका है. ऐसे में कई बार डॉक्टर स्ट्रिक्ट और अनुशासित डाइट फॉलो करने की सलाह देते हैं और खुद को फिट रखने के लिए लोग खुद को नियमों में बांधकर खाना खाते हैं. खुद को फिट रखने के लिए यह जरूरी है लेकिन रोजाना ऐसा करने से लोग अपने जीवन को एंजॉय करना भूल जाते हैं.

इसी उद्देश्य से हर साल 6 मई को नो डाइट डे मनाया जाता है ताकि एक दिन लोग खाने पीने के नियमों को तोड़ कर अपनी पसंदीदा चीजें खा सकें, और बिना पछतावा उन्हें इंजॉय कर सके. इस दिन अलग अलग एक्टिविटीज आयोजित की जाती है. इसके अलावा रिश्तेदार दोस्त एक दूसरे को घर पर लंच या डिनर पर इनवाइट करते हैं और खुलकर इस दिन को मनाते हैं.

– (साभार)
**राजेश नारायण श्रीवास्तव**

# प्रदेश की 9 लोकसभा सीट पर वोटिंग कल, मतदान कराने 81 हजार कर्मचारी हो रहे रवाना

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को एमपी की 9 सीटों पर मतदान होगा। पोलिंग पार्टियां ईवीएम समेत अन्य सामग्री लेकर बूथ के लिए रवाना हो रही हैं। प्रदेशभर में 81 हजार से अधिक कर्मचारियों की तैनाती चुनाव आयोग ने की है। इसके लिए 20 हजार 456 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टरों ने मतदाताओं की सुरक्षा और गर्मी से बचाव के भी व्यापक इंतजाम किए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश के मुरैना, भिंड, गुना, ग्वालियर, राजगढ़, सागर, विदिशा, भोपाल और बैतूल लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को मतदान होना है। जिला मुख्यालयों से



रवाना होने वाले मतदान दलों को जीपीएस लगे वाहनों से रवाना किया जा रहा है। पोलिंग टीम बूथ पर रात्रि विश्राम करेंगी। मंगलवार सुबह डेढ़ घंटे में मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उसके बाद सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को एमपी की 9 सीटों पर मतदान होगा। पोलिंग पार्टियां ईवीएम समेत अन्य सामग्री लेकर बूथ के लिए रवाना हो रही हैं। प्रदेशभर में 81 हजार से अधिक कर्मचारियों की तैनाती चुनाव आयोग ने की है। इसके लिए 20 हजार 456 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टरों ने मतदाताओं की सुरक्षा और गर्मी से बचाव के भी व्यापक इंतजाम किए हैं।

प्रदेश के मुरैना, भिंड, गुना, ग्वालियर, राजगढ़, सागर, विदिशा, भोपाल और बैतूल लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को मतदान होना है। जिला मुख्यालयों से रवाना होने वाले मतदान दलों को जीपीएस लगे वाहनों से रवाना किया जा रहा है। पोलिंग टीम बूथ पर रात्रि विश्राम करेंगी। मंगलवार सुबह डेढ़ घंटे में मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उसके बाद सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

### बूथ पर मतदाताओं को मिलेगा छाछ, शरबत

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए।

### बैतूल में मतदानकर्मियों को फूल देकर किया रवाना

बैतूल के मुलताई में वोटिंग टीमों को गाजे-बाजे के साथ फूल देकर रवाना किया जा रहा है। यहां कुल 28 सेक्टर में 296 मतदान केंद्रों को बांटा गया है। हर एक सेक्टर में एक-एक स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहेगा। मतदान टीम के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। एसडीएम तृप्ति पटेरिया, तहसीलदार अनामिका सिंह सहित अन्य अधिकारी मतदानकर्मियों को शुभकामनाएं देने मुलताई के हाई स्कूल में बने सामग्री वितरण केंद्र पहुंचे।

# प्रचार थमने के बाद घर-घर पहुंच रह है प्रत्याशी

## डेढ़ हजार वाहन अधिग्रहित किए गए

**भोपाल।** भोपाल लोकसभा चुनाव के लिए रविवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। राजनीतिक दलों ने घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क शुरू कर दिया है।वहीं जिला प्रशासन ने सात मई मंगलवार को होने वाले मतदान की तैयारी पूरी कर ली है। सोमवार को लाल परेड मैदान से मतदान सामग्री वितरित की जाएगी। दोपहर 12 बजे से 2097 मतदान दल 916 लोकेशन के लिए रवाना होंगे। इसके लिए डेढ़ हजार निजी और सरकारी बसों और अन्य वाहनों का अधिग्रहण कर लिया गया है। अतिरिक्त अधिग्रहित बसों को विदिशा और राजगढ़ भी भेजा गया है। इधर मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। इधर मतदान दल सबसे पहले बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना होंगे।

भोपाल लोकसभा चुनाव के लिए 22 उम्मीदवार होने के कारण हर मतदान केंद्र पर एक-एक कंट्रोल यूनिट और 2-2 बैलेट यूनिट लगाई जाएगी। इधर, जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, लाल परेड मैदान मतदान सामग्री वितरित करने के लिए पूरी तरह तैयार हो गया। रविवार शाम को को ईवीएम सहित ईवीएम सहित अन्य सामग्री पहुंच चुकी है। मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी सुबह छह बजे से पहुंचना शुरू हो जाएंगे। सुबह 8 बजे से चुनावी सामग्री का वितरण किया जाएगा। यहां पर गर्मी को देखते हुए टेंट लगाया गया है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला कोषालय अधिकारी सस्पेंड

**ग्वालियर।** संभागीय आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने जिला कोषालय अधिकारी अशोकनगर जितेन्द्र कुमार आर्य को निर्वाचन आयोग, शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों पर ध्यान न दिया जाकर निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में स्वेच्छाचारिता और लापरवाहीपूर्वक तरीके से कार्य किए जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण 1956 के नियम का उल्लंघन और कदाचार की श्रेणी में मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में जिला कोषालय अधिकारी का मुख्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोकनगर रहेगा तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

संभागीय आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने जिला कोषालय अधिकारी जितेन्द्र सिंह आर्य को निर्लंबित करने के फलस्वरूप जिला कोषालय अधिकारी अशोकनगर का प्रभाव आगामी आदेश तक जिला पेंशन अधिकारी अशोकनगर रविन्द्र सूर्यवंशी को सौंप दिया है। कलेक्टर अशोकनगर के प्रतिवेदन पर संभागीय आयुक्त द्वारा उक्त कार्यवाई की गई है।

कलेक्टर अशोकनगर द्वारा अपने प्रतिवेदन में बताया है कि जिला कोषालय अधिकारी अशोकनगर द्वारा निर्वाचन आयोग, शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की निरंतर अवहेलना की जाकर निर्वाचन कार्य को प्रभावित किया जा रहा था तथा इनके विरूद्ध कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था।


